दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 09 अंक : 61 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, सोमवार 1 अप्रैल, 2024 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 2 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

# कांग्रेस और केजरीवाल भ्रष्टाचार के पर्यायवाची: डॉ. सतीश पूनियां

## हरियाणा में करप्शन फ्री और कांग्रेस फ्री सरकार का बेहतर प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**चंडीगढ़(एजेंसी)।** भाजपा हरियाणा प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी डॉ. सतीश पूनियां ने कहा कि कांग्रेस और केजरीवाल प्रलोभन की राजनीति करते हैं। भ्रष्टाचार में डूबी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी चुनाव के समय में जनता को गुमराह करने की कोशिश करती है, लेकिन जनता इन लोगों की नीयत भांप चुकी है। डॉ. पूनियां ने कहा कि हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने करप्शन फ्री और कांग्रेस फ्री सरकार दी है, जो हरियाणा के विकास के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले सड़कों पर, रेलों में, खेलों में और जेलों में खर्ची और पर्ची की सरकारों की ही चर्चा रहती थी। 2014 के बाद भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार ने पारदर्शी सिस्टम लागू किया और हर नागरिक को सरकार की योजनाओं से ईमानदारी से जोड़ा। डॉ. पूनियां ने रविवार को पंचकूला स्थित प्रदेश पार्टी कार्यालय पंचकमल में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। मीडिया के सवाल के जवाब में डॉ. पूनियां ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी घेरा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने जनता के पैसों पर डाका डाला है, अब केजरीवाल का असली चेहरा जनता के सामने आ गया है। इंडी गठबंधन पर बोलते हुए पूनियां ने कहा कि लोकसभा चुनाव में ना इंडी गठबंधन सफल होगा और ना ही केजरीवाल की नीति सफल होगी। भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम और नेताओं के प्रयासों से हरियाणा में लोकसभा चुनाव में मिशन 10 को पूरा करेगी। इस मौके पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, प्रदेश मीडिया प्रमुख अरविंद सैनी, जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी संजय आहूजा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अशोक छाबड़ा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी नवीन गर्ग और प्रदेश मीडिया सह प्रभारी संदीप आजाद भी मौजूद रहे। डॉ. पूनियां ने पत्रकार वार्ता में बताया कि गुरुग्राम और पंचकूला में प्रमुख नेताओं, लोकसभा प्रत्याशी, प्रदेश की चुनाव प्रबंधन समिति, कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया, संवाद किया और चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश के 19 हजार 812 बूथों पर धरातल पर काम कर रही है। पोलिंग स्टेशन तक कार्यकर्ताओं की पहुंच है, यह हरियाणा में भाजपा के संगठनात्मक स्वरूप का बड़ा उदाहरण है। हमारे पास हरियाणा में एक अच्छी टीम तैयार है और हम बेहतर तरीके से चुनाव लड़ेंगे और निश्चित तौर पर 10 की 10 सीटें जीतेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पार्टी ने शुरूआती दौर का चुनावी कैंपेन शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर चुनावी प्रचार कर रहे हैं। भाजपा हरियाणा के लोकसभा प्रभारी ने कहा कि 10 सालों में हरियाणा के अंदर काफी बदलाव आए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की शुरूआत हरियाणा से की और उसका परिणाम सकारात्मक आया है। आज लिंगानुपात 815 से बढ़कर 965 तक पहुंच गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य और महिलाओं के स्वाभिमान के लिए मोदी सरकार ने काम किए हैं। शौचालय बनवाकर और बैंकों में खाता खुलवाकर मोदी सरकार ने लोगों के जीवन को बदला है।



डॉ. पूनियां ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान और विरायु कार्ड और बुनियादी विकास कराकर मोदी सरकार ने भरोसा पैदा किया है। इन दस सालों में भगवान श्रीराम का अयोध्या में मंदिर बना, जम्मू कश्मीर से धारा-370 हटी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में वैचारिक मुद्दों का समाधान हुआ है। हरियाणा की डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों के बारे में उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन में हरियाणा देश में तीसरे नंबर पर है। हरियाणा के 19 लाख किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि मिल रही है। 60 लाख किसानों को फसल बीमा योजना के तहत क्लेम मिला है। 1.6 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर मिला है यही बदलते हरियाणा का स्वरूप है। भाजपा की प्राथमिकता समस्याओं के समाधान कराने की है। हरियाणा के भी बहुत से ऐसे मुद्दे और मसले हैं जिनका समाधान भविष्य में करना है। भाजपा लोगों के सुझाव ले रही है इसके लिए पार्टी के रथ गांव-गांव जाकर लोगों के सुझाव ले रहे हैं। लोगों के सुझावों को पार्टी अपने संकल्प पत्र में समाहित करेगी। अरविंद केजरीवाल के वायरल वीडियो पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए डॉ. पूनियां ने कहा कि शराब घोटाले में बंद केजरीवाल वीडियो के जरिए जस्टिफाई करने का प्रयास कर रहे हैं। केजरीवाल ने जो स्कैम किया है वह उजागर हो गया है, सच्चाई सभी को पता है।

दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिकों की दुर्दशा हो रही है। केजरीवाल जेल से सहानुभूति बटोरने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने जिस तरीके से देश की राजनीति को विकृत करने का प्रयास किया है उसका चेहरा देश के सामने है। इंडी गठबंधन को भानूमति का कुनबा जैसा बताते हुए कहा कि यह जल्द ही बिखर जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विदेशों में भारत के पासपोर्ट की कद्र हुई है। योग दिवस को मान्यता मिली। भारत इंटरनेशनल सोलर अलायंस को लीड कर रहा है।नदुनिया में भारत की साख बढ़ी है। दुनिया का नजरिया भारत के प्रति बदला है। कोरोना काल में मात्र 9 महीने में कोरोना वैक्सीन बनना प्रधानमंत्री मोदी की नीतिगत सफलता है। देशभर में 80 करोड़ लोगों को मिल रहे राशन के सवाल पर डॉ. पूनियां ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सोच है कि देश में कोई व्यक्ति भूखा ना सोए। मोदी सरकार ने कोरोना की जंग में लोगों का पेट भरने का काम किया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल या कांग्रेस चुनाव के समय घोषणा करते हैं, लोगों को प्रलोभन देकर सत्ता पर काबिज होने का प्रयास करते हैं, लेकिन जनता इनकी नीयत को समझ और जान चुकी है। डॉ. पूनियां ने कहा कि भाजपा हरियाणा में संगठनात्मक, राजनीतिक और रणनीतिक तौर पर आश्वस्त है कि 10 की 10 सीटें बड़ें मार्जिन से जीतेगी, देश में भाजपा का मिशन 370 और 400 पार भी पूरा होगा और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

## लोकसभा कलस्टर प्रबंधन और कलस्टर कोर कमेटी की बैठक

# भाजपा की जीत के लिए सब नेताओं की सहभागिता होगी तय शाह

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)।** गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को जयपुर के होटल ललित से लोकसभा चुनाव प्रचार का आगाज किया। इस दौरान उन्होने आठ लोकसभा क्षेत्रों के कलस्टर प्रभारियों की बैठक ली और चुनावी प्रबंधन के साथ रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। वहीं कलस्टर कोर कमेटी की संयुक्त बैठक में कमेटी के सदस्यों को केंद्रीय नेताओं के प्रवास चुनाव के दौरान प्रचार-प्रसार संबंधी सभी विषयों पर गहन मंथन किया। बैठक के दौरान शाह ने प्रदेश की सभी 25 सीटों पर हैट्रिक लगाने के लिए काम के बंटवारे और आगामी रणनीति पर कोर कमेटी सदस्यों से सवाल किए। साथ ही कमेटी सदस्यों से इस संबंध में सुझाव भी लिये। उन्होंने कहा कि भाजपा 370 और एनडीए 400 पार के नारे में हम सब नेताओं की सहभागिता तय करनी होगी। बैठक में पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता और पन्ना प्रमुख को जिम्मेदारी दी जाएगी। गृहमंत्री शाह ने बैठक में कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में 15 प्रतिशत ज्यादा मार्जिन से जीतने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके लिए बूथ प्रबंधन मजबूत करना होगा साथ ही शक्ति केंद्र प्रभारियों और पन्ना प्रमुख से लेकर हर कार्यकर्ता की चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। कार्यकर्ताओं को सहजता से सहयोग कर पार्टी को मजबूत करने के लिए दिशा निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश चुनाव प्रभारी डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे, प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा, वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड, कोर कमेटी के पदाधिकारी, कलस्टर प्रभारियों सहित संबंधित लोकसभा क्षेत्रों से विधायक और अन्य नेता मौजूद रहे।



## अचानक आए बारिश-तूफान से गुवाहाटी एयरपोर्ट की छत उड़ी, जलपाईगुड़ी में चार की मौत, 70 घायल

**गुवाहाटी/ कोलकाता(एजेंसी)।** इस समय मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिल रहा है। देश के कई हिस्सों में जहां लोग तेज धूप से परेशान हैं, वहीं कई जगहों पर भारी बारिश से समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच, आज पश्चिम बंगाल समेत पूर्वोत्तर के कई हिस्सों में हुई भारी बारिश और तूफान ने वहां तबाही वाला मंजर ला दिया है। अचानक हुई तेज बारिश-तूफान और ओलावृष्टि से असम में जहां लोगों के घरों, फसलों को नुकसान पहुंचा है। वहीं, गुवाहाटी में स्थित गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर भी पानी भर गया है। एयरपोर्ट के अंदर आई बाढ़ के कारण वहां दीवारों, छतों को भारी नुकसान पहुंचा है। इसके खौफनाक वीडियो भी सामने आए हैं। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम 70 लोग घायल हो गए। गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के बारे में वहां के सीएओ उत्पल बरूआ ने बताया कि भारी बारिश और तूफान के कारण एक पेड़ उखड़ गया है, जिसे टर्मिनल तक लोगों और ईंधन की आपूर्ति में बाधा आई है। इसके अलावा, मौसम की बदली दशाओं के कारण कुछ देर के लिए परिचालन को भी रोकना पड़ा। इतना ही नहीं, कई उड़ानों को भी डायवर्ट करना पड़ा है। बरुआ ने यह भी कहा कि बारिश और तूफान के कारण फोरकोर्ट एरिया में छत का एक हिस्सा भी टूट गया।




# सीकर में गृह मंत्री अमित शाह व सीएम भजनलाल शर्मा ने किया रोड शो

## ऐतिहासिक स्वागत से अभिभूत हुए शाह

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** केंद्रीय गृह मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को सीकर आए। दोनों नेताओं ने भाजपा प्रत्याशी स्वामी सुमेधानंद सरस्वती के समर्थन में शहर के प्रमुख मार्गों पर रोड शो किया। शाह के रोड शो में जिले के लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। शाह भी सीकर वासियों के अपार जन सैलाब व ऐतिहासिक स्वागत को देखकर प्रसन्न हो गए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल्याण जी मंदिर से रोड शो शुरू किया। इससे पहले गृहमंत्री व मुख्यमंत्री ने कल्याण जी के मंदिर में भगवान के दर्शन किए। यहां से रोड शो की शुरूआत हुई। रोड शो कल्याण जी के मंदिर से नया दूजोद गेट, घंटाघर, सूरजपोल गेट, जाट बाजार, फागलवा पेट्रोल पंप होते हुए तापड़िया बगीची पर खत्म हुआ। रोड शो में गृह मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व भाजपा प्रत्याशी स्वामी सुमेधानंद रथ पर सवार थे। प्रदेश का शीर्ष नेतृत्व व जिले का शीर्ष नेतृत्व कार्यकर्ताओं के साथ रोड शो में साथ चल रहा था। रास्ते में भाजपा की सभी आठों विधानसभाओं के कार्यकर्ता सीकर, लक्ष्मणगढ़, धोद, दांतारामगढ़, खंडेला, श्रीमाधोपुर, नीमकाथाना व चौमूं के कार्यकताओं ने पूरे रास्ते रथ पर फूल बरसाकर शाह का स्वागत किया। भाजपा के सभी सातों मोर्चों ने भी मोर्चा संभालते हुए रोड शो में शाह व शर्मा का ऐतिहासिक स्वागत किया। रोड शो में शुरू में ऊँट, घोड़े, बग्गी, बैंड बाजे आदि लवाजमा साथ चल रहा था। रास्तें में कई जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, चंग, ढप्प सहित कई कार्यक्रम कार्यकर्ताओं ने आयोजित किए। रथ के आगे कार्यकर्ता नाचते गाते चल रहे थे। इनको देखकर गृह मंत्री अमित शाह काफी प्रसन्न दिखाई दिए। शाह ने भी रोड शो में मौजूद लोगों पर फूल बरसाकर उनका अभिवादन स्वीकार किया। रोड शो में सीकर वासियों से ऐतिहासिक स्वागत को देखकर गृह मंत्री भी पूरे रास्ते में मुस्कराते हुए लोगों का अभिवादन स्वीकार करते रहे। रोड शो में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पूरे रास्तें में जयकारे लगाते चल रहे थे। कार्यकर्ताओं ने भी मुख्यमंत्री के उद्घोष में साथ देते हुए जमकर भारत माता के जयकारे लगाए।



### हैलीपैड पर केंद्रीय गृह मंत्री शाह व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का स्वागत

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को जिला स्टेडियम में बनाए गए हैलीपैड पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि इस दौरान प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, लोकसभा प्रभारी व मंत्री गौतम दक, यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा, लोकसभा सह प्रभारी बलराम दून, जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल, सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजौर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, खंडेला विधायक सुभाष मील, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, लोकसभा संयोजक प्रभुसिंह शेखावत, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, राजकुमारी शर्मा, केडी बाबर, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, श्रवण चौधरी, गजानंद कुमावत, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मोदी, श्रीकुमार लखोटिया, जिला महामंत्री डॉ. बलवंत सिंह चिराणा, जिला संजय सैनी, भंवरलाल वर्मा, ओमप्रकाश बिजारणियां, ईश्वरसिंह राठौड़, पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रा चौधरी विजयपाल खीचड़ जिला परिषद सदस्य परमानंद सैनी सहित जिले भर के कार्यकर्ता मौजूद रहे।*

# आरोप प्रत्यारोप के साथ प्रत्याशियों का जन सम्पर्क हुआ तेज, जगह जगह हुए स्वागत

*जयपुर टाइम्स/ अलवर(निसं.)। हर दिन लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों में एक नया जोश दिखाई दे रहा है। कहीं भाजपा प्रत्याशी अपनी पार्टी की उपलब्धियों को बता रहे हैं तो कांग्रेस प्रत्याशी भाजपा पर आरोप लगाते हुए अपनी पार्टी की उपलब्धियां गिना रहे हैं। ऐसे में जनता के पास जाना ओर मतदान के दिन अपने पक्ष में वोट डलवाने के लिए कहना प्रत्याशियों के लिए एक टेढी खीर भी बनती जा रही है। ऐसा इसलिए कि जनता सबसे पहले मूलभूत सुविधाओं की मांग करती है ओर वहां प्रत्याशियों की जुंबा एक बार तो चुप्पी जैसी स्थिति में आती दिखाई देती है लेकिन जनता जानती है कि सही कौन है ओर हक कौन दिलाएगा। ये समय आने पर ही पता चल पाएगा।*

(भाजपा)

## भारत के नक्शे पर अलवर को विकसित जिले के रूप में उकेरना मेरी प्राथमिकता- भूपेंद्र यादव

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** केंद्रीय मंत्री व भाजपा के अलवर लोकसभा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव ने रविवार को बूढ़ी बवाल, कारोड़ा, जागूंवास, गुर्जरवास, कांकरा मोह मदपुर ,पहाड़ी ,जेतपुर बास, शेरपुर, कंचल वाटिका बहरोड़, गूंती सहित दर्जनों गांवों में जनसंपर्क किया। जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। भूपेंद्र यादव ने इस जनसंपर्क यात्रा के दौरान स्थानीय लोगो, बुजुर्गो, महिलाओ और पार्टी कार्यकर्ताओ से भी बातचीत की तो वहीं यादव का बड़ी फूल माला पहनाकर मतदाताओं ने स्वागत किया। इस दौरान महिलाओ द्वारा लोक संगीत गाकर उनका सम्मान किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहां की आपके स्नेह की वजह से ही मुझे आप लोगो के लिए कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने इस प्यार ओर सम्मान के लिए सभी का हाथ जोडकर् धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा की विकसित भारत के लिए विकसित राजस्थान का होना जरूरी है। उन्होंने कहा की आज देश का नेतृत्व मजबूत हाथो में है। आप सभी लोगो ने राजस्थान में हमे जीत दिलाकर एक इंजन लगा दिया है अब दूसरे इंजन के लिए केंद्र में फिर से मोदी सरकार को लाना ज़रूरी है। राजस्थान विधानसभा में भाजपा को जीत दिलाने पर आप सभी का मैं आभारी हूं। यह चुनाव अन्याय पर न्याय की जीत का, बुराई पर अच्छाई की जीत का चुनाव है। इस चुनाव से देश में फिर से एक मजबूत सरकार बनेगी जिससे अलवर ओर राजस्थान का विकास बेहद तेजी से हो पाएगा। भूपेंद्र यादव ने कहा की 2014 के बाद से 140 करोड भारतवासियों को एक दृढ़ निश्चय वाली सरकार मिली है। उन्होंने पूर्व की कांग्रेस सरकार पर अनेक आरोप लगाए ओर भाजपा की केन्द्रीय सरकार की उपलब्धियों को बताया। आप सभी को मै विश्वास दिलाता हूं कि देश का विकास होता रहेगा। देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का मोदी का संकल्प आप सभी के सहयोग से ही पूरा होगा। केंद्रीय मंत्री ने विपक्ष पर भी हमला बोलते हुए कहा कि आज उनके पास कैंडिडेट नही है चुनाव लडने के लिए, जिनको टिकट मिला है वो भी छोड़कर भाग रहे है। मोदी लहर के आगे विपक्ष के दिग्गज नेता चुनाव ही नहीं लड़ रहे तो आप समझ सकते हैं कि विपक्ष अपनी हार मान चुका है। इसलिए आप सभी से मेरी अपील है की अपना कीमती वोट विकसित भारत और विकसित राजस्थान की गारंटी वाली मोदी सरकार को दे। उन्होंने लोगो से अपील की मोदी के अबकी बार 400 पार के संकल्प को आप सभी को पूरा करना है। आगामी 19 अप्रैल को कमल के फूल पर वोट देकर एक बार फिर मोदी सरकार को लाना है। इस अवसर पर विधायक डॉक्टर जसवंत यादव, बाबा बालक नाथ और पूर्व सांसद करण सिंह यादव, पूर्व विधायक रामहेत यादव ,जयराम जाटव , मोहित यादव, महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता सानू यादव, जिला अध्यक्ष चित्रा शर्मा, नीलम यादव, बलबीर सिंह, देवेंद्र यादव, सरपंच जगदीश गुर्जर, बनवारी गुर्जर, रमेश रावत सरपंच लाला राम, भकतावर, रामोअवतार सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

(कांग्रेस )

## प्रत्याशी का मानना है कि मतदाताओं ने कांग्रेस को भारी मतों से जिताने का लिया है संकल्प



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव ने रविवार को राजगढ़ विधानसभा क्षेत्र में तूफानी जनसंपर्क कर जनसमर्थन जुटाया। इस दौरान ग्रामीणों की ओर से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी ललित यादव का विभिन्न गांवो में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कांग्रेस प्रत्याशी यादव का मानना है कि राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने इस बार उन्हें भारी बहुमत से जिताने का संकल्प लिया है। ललित ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले एक दशक से अलवर को नर्क बनाने वाली भाजपा को इस बार जनता ने सिरे से नकारने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि आप सभी के मिल रहे सहयोग से राजनीति के इस चक्रव्यूह को भेदकर मैं देश की सबसे बड़ी पंचायत में बैठकर अलवर के विकास की नई इबारत लिखूंगा। उन्होंने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह के कार्यकाल में कराए गए ऐतिहासिक विकास कार्यों की श्रृंखला को अब एक नहीं राह मिलेगी, उनके सपनों को अब आपका बेटा ललित अलवर का विकास कर पूरा करेगा। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि महंगाई बेरोजगारी से आमजन त्रस्त है, भाजपा के इस राज को बदलने में कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता कंधे से कंधे मिलाकर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार डबल इंजन सरकार के गुब्बारे की हवा निकालने के लिए जनता तैयार बैठी है। क्षेत्रीय विधायक राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधानसभा मांगीलाल मीणा ने कहा कि इस बार स्थानीय एवं बाहरी का मुद्दा हावी है। भाजपा ने पिछली बार हरियाणा से लाकर प्रत्याशी को उतारा अबकी बार भी इन्हें अलवर में भारतीय जनता पार्टी का कोई योग्य उम्मीदवार नजर नहीं आया, इसलिए जनता ही नहीं बल्कि स्थानीय भाजपा के नेता भी अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अबकी बार केवल कांग्रेस की सरकार का नारा पूरे देश में तेजी से वायरल हो रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुंगेर विधायक प्रणव कुमार यादव पूर्वांचल विकास सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले



### भाजपा प्रत्याशी को समर्थन देने की अपील की

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पूर्वांचल विकास सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों के सामने, मुंगेर विधानसभा के विधायक प्रणव कुमार यादव ने मुलाकात की उन्होंने इस अवसर पर अलवर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव को समर्थन देने की अपील की प्रणव कुमार यादव ने कहा भूपेंद्र यादव एक समर्थनीय उम्मीदवार हैं, जो लोगों की मांगों और समस्याओं को समझते हैं। उनके नेतृत्व में हम अधिक विकास और समृद्धि की ओर बढ़ सकते हैं उन्होंने भूपेंद्र यादव के कामकाज की सराहना की और उनके नेतृत्व में विकास के प्रति विश्वास जताया। इस समीक्षा में, समिति के सदस्यों ने प्रणव कुमार यादव की अपील का स्वागत किया और उनके साथ मिलकर भूपेंद्र यादव को समर्थन देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर लक्ष्मेश कुमार सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष पुर्वांचल विकास सेवा समिति ने उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया और उनके साथ मिलकर विकास और प्रगति की दिशा में काम करने का आश्वासन दिया इस बैठक में समिति के हरिहर मिश्रा, डॉ. आर. के. सिंह, बी.के. श्रीवास्तव, राजानन्द तिवारी, अजीत कुमार झा , धर्मेन्द्र सिंह, बृजभूषण सिंह, अवध बिहारी सिंह, लक्ष्मेश कुमार सिंह संजय सिंह, मनीष द्विवेदी, ललित नाथ झा, सुशील कुमार सिंह, शैलेश सिंह, अंजनी कुमार, डॉ. जय शंकर दुबे, जयराम शर्मा, मनोज भगत, दीपक मिश्रा, मंजीत कुमार राय, नवीन कुमार पाण्डेय, दिनेश शर्मा, किशोर सिंह, राजकिशोर सिंह, प्रेम नाथ मौर्य आदि मौजूद रहे।

## चुनाव लडने वाले प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय लेखों के रख-रखाव के रजिस्टर का होगा निरीक्षण

**अलवर(निसं.)।** जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष गुप्ता ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय लेखों के रख-रखाव के रजिस्टर का निरीक्षण व्यय पर्यवेक्षकों द्वारा मिनी सचिवालय कलक्ट्रेट अलवर में 5 अप्रेल, 10 अप्रेल एवं 16 अप्रेल को किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि फजल हुसैन (बहुजन समाज पाटी), भूपेन्द्र यादव (भारतीय जनता पार्टी), ललित (इंडियन नेशनल कांग्रेस), प्रदीप कुमार (सर्व समाज पार्टी), विश्वनाथ खींची (हिन्दुस्तान जनता पार्टी), अमित गुप्ता (निर्दलीय), छगनलाल (निर्दलीय), रामबाबू शर्मा (निर्दलीय) एवं विवेक जैन (निर्दलीय) के निर्वाचन व्यय लेखों के रख-रखाव के रजिस्टर का निरीक्षण व्यय पर्यवेक्षकों द्वारा 5 अप्रेल, 10 अप्रेल एवं 16 अप्रेल को किया जाएगा। अत समस्त अ यर्थी/निर्वाचन व्यय एजेन्ट उक्तानुसार अपने-अपने निर्वाचन व्यय लेखों का निरीक्षण करवाना सुनिश्चित करें।

### 19 अप्रैल शुक्रवार को मतदान दिवस के दिन सार्वजनिक अवकाश रहेगा

लोकसभा आम चुनाव-2024 के अन्तर्गत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अलवर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 19 अप्रैल 2024 शुक्रवार को मतदान दिवस के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष गुप्ता ने आदेश जारी कर 19 अप्रैल शुक्रवार को अलवर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। जिला अलवर में समाहित समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित समस्त कार्यालयों में परक्रा य लिखित अधिनियम 1881 के तहत मतदान तिथि 19 अप्रैल 2024 शुक्रवार को अवकाश रहेगा। साथ ही जिले में समाहित समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित निजी व सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार व्यवसाय या अन्य किसी संस्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति, कार्यरत कामगारों (जो जिले की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित मतदाता सूची में पंजीकृत मतदाता हो) को मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024 को सवैतनिक अवकाश देय होगा।

### चुनाव प्रचार पर रहेगा प्रतिबंध

लोकसभा आम चुनाव-2024 के अन्तर्गत मतदान तिथि 19 अप्रैल को मतदान केन्द्र में और उसके आस-पास 200 मीटर की परिधि में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के प्रावधानानुसार किसी भी चुनाव प्रचार की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष गुप्ता ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के मतदान दिवस को मतदान केन्द्र के भवन के 200 मीटर परिधीय क्षेत्र में आयोग द्वारा प्रतिबन्धित किये गये पोस्टर या बैनर नहीं लगाये जा सके इस प्रयोजनार्थ निर्वाचन विभाग द्वारा यह निर्देश दिये गए हैं कि कोई भी अ यर्थी मतदान के दिन मतदान केन्द्र के भवन के 200 मीटर परिधि क्षेत्र में अपना निर्वाचन बूथ स्थापित नहीं करेगा। किसी मतदान केन्द्र या एक ही जगह पर एक से अधिक मतदान केन्द्र स्थापित किये गये हैं वहां ऐसे परिसर से 200 मीटर की दूरी से परे ऐसे मतदान केन्द्र अथवा मतदान केन्द्रों के समूह के लिए एक उ मीदवार का केवल एक चुनाव बूथ होगा तथा ऐसे बूथ स्थापित करने के इ'छुक प्रत्येक उम्मीदवार रिटर्निंग अधिकारी को लिखित रूप से और अग्रिम रूप से उन मतदान केन्द्रों के नाम और क्रम सं या के बारे में सूचित करे जहां उसके द्वारा ऐसे बूथ स्थापित करने का प्रस्ताव है व ऐसे बूथ की स्थापना से पहले स बन्धित स्थानीय कानूनों के तहत स बन्धित प्राधिकारियों या निगमों, नगरपालिकाओं, जिला परिषदों, नगर क्षेत्र समितियों, पंचायत समितियों आदि जैसे स्थानीय प्राधिकारियों की लिखित अनुमति भी प्राप्त करे। ऐसी लिखित अनुमति बूथ पर काम करने वाले व्यक्तियों के पास उपलब्ध होती है। चुनाव / स बन्धित पुलिस अधिकारियों की मांग पर इसे प्रस्तुत किया जा सके। आयोग की उपरोक्त अधिसूचना के प्रावधानों सहित अन्य सुसंगत कानूनी प्रावधानों के अन्तर्गत कार्यवाही की जाएगी।

## फेफडो का प्रत्यारोपण संभव, कई सफल ऑपरेशन द्वारा दिया मरीजो को जीवनदान -डॉ. बिश्नोई

### 'अंगदान-महादान' के लिए प्रेरित करने के लिए आई.एम.ए. अलवर एवं मेदान्ता गुरुग्राम के संयुक्त डॉक्टर्स की सीएमई का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** आई.एम.ए.अलवर एवं मेदान्ता गुरुग्राम के संयुक्त तत्वावधान में डॉक्टर्स की एक सीएमई का आयोजन लेमन ट्री होटल अलवर में आयोजित की गयी। जिसका मुख्य उद्देश्य आमजन को 'अंगदान-महादान' के लिए प्रेरित करने हेतु डॉक्टर्स को बहुत सी महवपूर्ण बातो से अवगत करवाना था। कार्यक्रम के प्रारंभ में आई.एम.ए. अलवर अध्यक्ष डॉ. एस. सी. मित्तल ने मेदान्ता हॉस्पिटल गुरुग्राम के डॉ. सुखराम बिश्नोई का पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम चेयरपर्सन के रूप में सीनियर फिजिशियन डॉ. अरुणस्वरुप माथुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में तकरीबन 100 के आसपास चिकित्सको ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अन्त में आई.एम.ए. सचिव डॉ. विजय सिंह चौधरी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। आई.एम.ए.अलवर के अध्यक्ष एवं सीनियर फिजिशियन डॉ. एस. सी. मित्तल ने बताया कि आजकल की दिनचर्या में गुर्दा, लीवर, हार्ट ट्रांसप्लांट बहुत पहले से होते आ रहे है, जिसके लिए तुरन्त किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर यदि परिजनों द्वारा उसके इन अंगो का दान करवा दिया जाए तो कई मरीजो की जिन्दगी वो व्यक्ति मरने के बाद भी बचा सकता है। इस बात को चिकित्सकों द्वारा पीड़ित के परिजनों को कैसे समझाया जाए को लेकर इस सी.एम.ई. का आयोजन किया गया था। डॉ. मित्तल ने बताया कि मेदान्ता गुरुग्राम की टीम के डॉ.सुखराम बिश्नोई ( एसोसिएट कंसलटेंट इंस्टिट्यूट ऑफ चेस्ट सर्जरी, चेस्ट ओंको सर्जरी एंड लंग ट्रांसप्लांट) सी.एम.ई. में मुख्य वक्ता के रूप में आये थे जिन्होंने तकरीबन 100 चिकित्सको के मध्य अपने उद्बोधन में बताया कि अब गुर्दा, लीवर, हार्ट ट्रांसप्लांट की तरह ही साँस के रोगियों के लिए भी फेफडो का प्रत्यारोपण भी अब आसानी से संभव है। मेदान्ता गुरुग्राम में अब तक कई फेफडो का प्रत्यारोपण सफलता के साथ किये जा चुके है। डॉ. बिश्नोई ने बताया कि लम्बे समय से ऑक्सीजन पर चल रहे मरीजों के लिए तथा इसे मरीज जिनको कोई भी दवाई लम्बे समय से चलने के कारण अब असर नहीं कर रही है, उन सभी मरीजो के पास एक ही विकल्प है लंग ट्रांसप्लांट, लेकिन ये सब प्रत्यारोपण तभी संभव हो पाते है जबकि किसी व्यक्ति की मृत्यु के तुरन्त बाद उसके परिजनों द्वारा अंग दान की सहमती देकर कई जानो को बचने में सहयोग प्रदान करे। वहीं मरीज के पास प्रत्यारोपण करवाने हेतु आर्थिक रूप से भी सक्षम हो तो ये संभव है। कार्यक्रम में मेदान्ता गुरुग्राम के मार्केटिंग मैनेजर राजीव शुक्ला ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई वही आई.एम.ए. अलवर के जाने माने चिकित्सको में डॉ. जी. एस. सोलंकी, डॉ. प्रेम मित्तल, डॉ. सुबोध अग्रवाल, डॉ. सुधीर गुप्ता, डॉ. मुनेंदर गोयल, डॉ. परविंदर सिंह, डॉ. के. के. शर्मा, डॉ. सुरेन्द्र जैन सहित तकरीबन 100 चिकित्सको ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## हरीश हॉस्पिटल दुष्कर्म मामला, पीएमओ ने जाँच डिप्टी सेक्रेटरी राजस्थान को सौपी

### अंतराष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा परिषद के प्रदेशाध्यक्ष ने पीएमओ को लिखा था पत्र

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पूर्व में हुए हरीश हॉस्पिटल दुष्कर्म मामले में अंतराष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा परिषद के प्रदेशाध्यक्ष नवीन कुमार शर्मा ने इस प्रकरण को लेकर पीएमओ सहित कई विभागों में उच्च जाँच को लेकर पत्र लिखा था जिस पर पीएमओ कार्यालय से इस प्रकरण हेतु डिप्टी सेक्रेटरी श्यामलाल मीना को जाँच सौपी है फिलहाल जाँच प्रक्रियाधीन है वही अन्तराष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा परिषद के प्रदेशाध्यक्ष नवीन कुमार शर्मा ने कहा कि दोषियों पर कार्यवाही हो और उच्च न्यायिक जाँच सहित पीड़िता को न्याय मिले।

## आठ बेटियों का एक साथ कन्यादान आज, अब तक 175 विवाह

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नेक कमाई फाउंडेशन और डॉ. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट की ओर से 1 अप्रेल को एक साथ आठ बेटियों का कन्यादान किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक दौलत राम हजरती और मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि यह कार्यक्रम दोपहर साढ़े बारह बजे होटल लैमीनोड मोती डूंगरी पर होगा। नेक कमाई की ओर से अब तक 175 बेटियों को शादी का सामान कन्यादान कार्यक्रम में दिया गया है। इसमें सहयोग खानचंद चिमनी बाई हजरती ट्रस्ट, एक प्रयास, खंडेलवाल महिला मंडल संस्थान सहित बहुत से भामाशाहों का सहयोग है। संरक्षक मंजू चौधरी अग्रवाल के अनुसार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कन्यादान कार्यक्रम कमेटी कार्य कर रही है जिसमें आशुतोष शर्मा, सौरभ कालरा, गुरप्रीत सिंह पवित्र, परमजीत सिंह, सोनिका अरोड़ा, अजय आनंद गोयल, प्रवीण बत्रा, मंजू तनेजा, उमा बजाज, अदिति गुप्ता, मनोहर झॉम, नितिन भार्गव की टीम देख रही है।

## मेवाड़ा कलाल संस्था के विकास मेवाड़ा बने अध्यक्ष




जयपुर टाइम्स

**कोटा(निसं.)।** मेवाड़ा कलाल संस्था कोटा के चुनाव मे 24 वोटो से विजय होने और अध्यक्ष बनने पर विकास मेवाड़ा को कलाल समाज कोटा की ओर से शुभकामनाएं दी। यह जानकारी राहुल पारेता अध्यक्ष कलाल समाज कोटा ने दी।

## कार-डंपर की आमने सामने की टक्कर, दिल्ली पुलिस का हेड कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल, जयपुर रेफर




नीमकाथाना(निसं.)।

नीमकाथाना बाइपास पर एक डंपर और एक कार की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में दिल्ली पुलिस का हेड कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को आसपास के लोगों ने नीमकाथाना जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जयपुर के लिए रेफर किया गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लिया और मामले की जांच शुरू कर दी। वहीं हादसे के बाद डंपर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार दिल्ली पुलिस का हेड कांस्टेबल प्यारेलाल बाइपास से होते हुए नीमकाथाना की ओर आ रहा था। वहीं सामने से डंपर नीमकाथाना से बाइपास होते हुए जा रहा था। बाइपास पर दोनों की आमने-सामने की जबरदस्त भिंडत हो गई। हादसे में कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में हेड कांस्टेबल भी गंभीर रूप से घायल हो गया। इसे आसपास के लोगों ने नीमकाथाना जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जयपुर के लिए रेफर किया गया। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना स्थल का जायजा और मामले की जांच शुरू कर दी।

## नागौर में बुजुर्ग की हत्या, सिर पर धारदार हथियार से हमले के निशान

नागौर(निसं.)।

नागौर में हवाई पट्टी के पास विनायक नगर में एक बुजुर्ग का शव बरामद हुआ। शव की शिनाख्त स्थानीय निवासी 60 वर्षीय तुलसीराम सींवर के रुप में हुई। शव की सूचना कोतवाली थाने में दी गई। शव मिलने की सूचना पर कोतवाल मनीष देव मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। शव मिलने वाली जगह सदर थानांतर्गत होने के चलते सदर थाने को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर एसपी नारायण टोगस भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। एएसपी सुमित कुमार व डीएसपी नारायण बाजिया ने बताया कि सुबह शव मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर जाकर घटनास्थल की बारीकी से जांच की है। संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करवा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। सदर सीआई अजय कुमार ने संदिग्ध लोगों की कॉल डिटेल निकलवाई जा रही है। मौके से एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। सीआई अजय कुमार ने बताया कि मृतक तुलसीराम शाम 7 बजे अपने बेटे रामकिशोर निवासी शास्त्री नगर से मिलकर विनायक नगर के लिए रवाना हुआ था। उसके पास बाजार से खरीदा हुआ कुछ सामान भी था। मृतक के शव के पास से उसकी क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है। मृतक के सिर पर धारदार हथियार से हमला होने से मौत हुई है। इसके अलावा मृतक के दोनों हाथों की अंगुलियों पर भी जख्म के निशान हैं। पुलिस ने सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच शुरू कर दी है।

# 77 दिन तक धरने पर बैठे तब ईमानदारी कहा गई थी मंत्री जी, सरपंच पति सोनू बिनोरी

जयपुर टाइम्स

लालसोट(निंस.)। दौसा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा के कार्यलय उद्घाटन एवं कार्यकर्ता सवांद कार्यक्रम में नगरपालिका चेयरमैन पति सोनू बिनोरी ने पूर्व चिकित्सा मंत्री परसादीलाल मीणा एवं कांग्रेस पर निशाना साधते हुए जमकर बरसें। कार्यकर्ता सवांद कार्यक्रम के दौरान दौरान मौजूद हजारों लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के चैयरमेन कार्यकाल में अवैध पट्टे को लेकर 77 दिनों तक नगरपालिका कार्यालय के बाहर पार्षदों द्वारा धरना दिया गया था तब आपकी ईमानदारी कहा गई थी मंत्री जी उस समय तों चैयरमैन की पीठ थपथपाई और धन्यवाद दिया सही काम किया आपने ईमानदारी की बात करते हों अगर ईमानदार होते तो ऐसी स्थिति नहीं होती और पूर्व चिकित्सा मंत्री परसादीलाल मीणा के द्वारा सोनू बिनोरी के पूर्वजों को बीच में लाने पर बिनोरी ने कहा कि दादाजी ने ये नहीं कहा था कि चोरों के साथ रहना मंत्री जी चोरी सिखा रहे थे वहीं सोनू बिनोरी ने भारतीय जनता पार्टी का धन्यवाद देते हुए कहा कि पहली बार आपके पास आए और पहली बार में ही राष्ट्रवादी परिवार भारतीय जनता पार्टी में शामिल किया। विधायक रामबिलास मीणा ने कहा कि विरोधी लोग मेरे पर आरोप लगाते हैं पर उनके आरोपों की परवाह नहीं मुझे सिर्फ भाजपा कार्यकर्ताओं की परवाह है कल परसों पूर्व मंत्री द्वारा आरोप लगाया कि कालेज निर्माण का निरीक्षण करने गया और ठेकेदार से दस लाख रुपये मांग कर आता हूं हां मैं कालेज निर्माण कार्य देखने गया पर करीब बीस तीस कार्यकर्ताओं के साथ बगड़ी गया और वहां निर्माण कार्य में बजरी की जगह डस्ट काम में ली जा रही थी उसी समय अधिकारियों को बुलवाकर दुबारा से गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करवाने के लिए कहा बस उसी से मंत्री के मिर्ची लगी शायद मंत्री ने हिस्सा ले रखा है जहां तक मंत्री पुत्र के बड़े बड़े टेंडरों में हिस्सा है खुद भ्रष्टाचारी होकर मेरे पर आरोप लगा रहे हैं। नगर पालिका चेयरमैन को लेकर मीणा ने कहा कि मंत्री ने कहा अच्छे चैयरमैन को हटा दिया और दूसरे चैयरमैन को बैठाने के साढ़े तीन करोड़ रुपये लेने का आरोप लगाया जबकि सारे नगरपालिका के पार्षद मेरे पास जयपुर गये और कहा इस चैयरमैन को हटाना चाहते हैं तब कांग्रेस, निर्दलीय, एवं भाजपा के पार्षदों ने कहा कि चैयरमैन ने अत्याचार, तानाशाही कर रखी है मंत्री के बल पर घुस लेता है कभी मीटिंग नहीं बुलवाई और ना ही कोई कमेटी बनाई सरकारी नामांतरण पर खुद के नाम पट्टे बनवा लिये अब अत्याचार सहन नहीं कर सकते आप हमारा साथ दो तब जाकर पैंतीस पार्षदों में से इकतीस पार्षदों ने कलेक्टर के समक्ष जाकर चैयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए जब चैयरमैन चुनने का मौका आया तब सारे पार्षदों के बीच यह कहा जिस पर सहमति बने उसे ही चैयरमैन बनाओं तब जाकर सबकी सहमति के साथ चैयरमैन चुनाव के लिए नगरपालिका आने पर ही साढ़े तीन करोड़ रुपये का आरोप लगाया । मंत्री ने तीस साल में जों मान सम्मान कमाया उसी मान सम्मान को लालसोट विधानसभा क्षेत्र की जनता ने ब्याज समेत वसूला हर गांव हर ढाणी में मंत्री को काले झंडे दिखाए अगर फिर भी ईमानदार है तो इस गांव में शक्ल दिखाने लायक नहीं है । वहीं शिवशंकर बल्या जोशी ने विधायक रामबिलास मीणा डुंगरपुर से कोराना हाउस की जांच करवाने की मांग की।इस दौरान दौसा लोकसभा प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा, विधायक रामबिलास मीणा,सुमन खुर्रा, सोनू बिनोरी, चैयरमैन पिंकी चतुर्वेदी, शिवशंकर बल्या जोशी, केदार मीणा, ब्रजमोहन मीणा, मीठालाल मीणा, समेत भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे।



## आंधी थाना पुलिस की बड़ी कार्यवाही, अवैध स्मैक परिवहन करते एक युवक को किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

जमवारामगढ़(निसं.)। आंधी थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अवैध स्मैक परिवहन करते एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी जयप्रकाश ने बताया कि आदर्श आचार संहिता की पालना और अवैध गतिविधियों के विरुद नाका पॉइंट पर चेकिंग के दौरान एक मोटरसाईकिल पर सवार युवक हजारी सैनी पुत्र रूपनारायण सैनी (25) निवासी अस्थल पुलिस थाना जमवारामगढ को अवैध रूप से स्मैक का परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया है। युवक के कब्जे से 9.86ग्राम स्मैक और काम में ली गई मोटरसाईकिल बरामद की है।



## चिलचिलाती धूप में चैक पोस्ट पर कर रहे पुलिस जवान ड्यूटी आदर्श आचार संहिता के नियमों की करवा रहे पालना



जयपुर टाइम्स

लालसोट(निसं.)। लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग द्वारा जारी की गई आदर्श आचार संहिता के नियमों की पालना करवाने के लिए बनाए गए चैक पोस्टों पर पुलिस प्रशासन द्वारा चिलचिलाती धूप में कर रहे ड्यूटी। विगत कई दिनों से बड़ का पाड़ा टोल के पास बनाए गए चैक पोस्ट पर पुलिस के जवान दिल्ली मुंबई हाइवे से आने वाले वाहनों की चिलचिलाती धूप में भी गहनता से जांच कर आदर्श आचार संहिता के नियमों की पालना करवाने में लगे हुए हैं। विगत दिनों आदर्श आचार संहिता चैक पोस्ट पर पुलिस के जवानों द्वारा चैकिंग के दौरान अवैध रूप से कंटेनर में भरकर ले जाई जा रही करीब एक करोड़ रुपये की अवैध शराब को जप्त करने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया था।चैक पोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मी हरदयाल ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा स्थाई चैक पोस्ट बनाया गया है जिस पर 24 घंटे पुलिसकर्मी मुस्तैदी के साथ तैनात रहकर अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर रहे हैं।

## राजस्थान दिवस पर प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल द्वारा डॉ. राहुल सावरीया का सम्मान




जयपुर टाइम्स

चाकसू(निसं.)। जयपुर राजस्थान स्थापना दिवस 30 मार्च को जयपुर शहर में जी-22 समरसता में सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन में भारत की प्रतिष्ठा, शक्ति, पंचशील सिद्धान्त को वैश्विक स्तर पर नैतिक समर्थन पर महामहिम प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल न्यायमूर्ति परमानन्द झा, के कर कमलो द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक संस्कारित क्षेत्र में क्षेत्रिय सामाजिक कार्यकर्त्ता डॉ. राहुल सावरीया, सावरीया हॉस्पिटल, कोटखावदा रोड़, चाकसू जयपुर, राजस्थान, समरसता रतन अवार्ड, अभिनन्दन पत्र, मेडल, शाफा, शाल, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य सलाहकार कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट ईस्ट-वेस्ट लॉ फर्म काठमाण्डौ नेपाल ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच एंव राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच के संयुक्त तत्वाधान में जयपुर शहर में राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित जी-22 समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन का भव्य आयोजन स्वः पोषित वित्तिय व्यय योजना के अन्तर्गत रखा गया है। समारोह में विभिन्न राज्यो, केन्द्र शासित प्रदेशो विभिन्न राष्ट्रो के प्रतिनिधी सम्मलित हुएं। समारोह शुभारम्भ से पूर्व समरसता कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में महामहिम प्रथम उपराष्ट्रपति के संग रात्री भोज में डॉ. राहुल सावरीया को सम्मानित किया।

## लोकसभा चुनाव-2024, प्रत्याशियों को 3 बार करवाना होगा लेखों का परीक्षण

### व्यय पर्यवेक्षकों के समक्ष प्रस्तुत हो कर करवाना होगा लेखा निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर अनुदेशों का सार संग्रह- जनवरी 2024 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत व्यय पर्यवेक्षकों द्वारा प्रचार अवधि के दौरान जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से समस्त अभ्यर्थियों के लेखों का तीन बार निरीक्षण किया जाएगा। इस संबंध में आयोग के निर्देशों की अनुपालना में व्यय पर्यवेक्षकों द्वारा दिनांक 8 अप्रैल 2024, 12 अप्रैल 2024 एवं 17 अप्रैल 2024 को अभ्यर्थियों के लेखों का परीक्षण किया जाएगा। प्रत्याशियों को उक्त तिथियों को व्यक्तिगत रूप से अथवा अपने निर्वाचन एजेंट के माध्यम से अथवा अपने द्वारा विधिवत रूप से प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निरीक्षण हेतु व्यय रजिस्टर सहित संपूर्ण दस्तावेजों के साथ व्यय पर्यवेक्षकों के समक्ष उक्त तिथियों पर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे के मध्य जिला परिषद सभागार में उपस्थित होना होगा।

## सड़क में धंसा पानी से भरा टैंकर, खुली गुणवत्ता की पोल

जयपुर टाइम्स/सुजानगढ़(निसं.)। सुजानगढ़ शहर के वार्ड न. 54 में स्थित एक टैंकर सड़क के थोथी होने के कारण धंस गया। पार्षद आसिफ खान नसवाण ने बताया कि नवदीप स्कूल की गली में सिवरेज कार्य कम्पलीट होने के बाद कनेक्शनों से पानी रिस कर सड़क के नीचे जाने से अनेक जगहों पर सड़क थोथी हो गई है, जिसके कारण टैंकर धंस गया। पानी से भरा हुआ टैंक फंस जाने के बाद से जेसीबी से निकलवाया गया।

## मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ ज्ञानस्थली का वार्षिकोत्सव संपन्न

जयपुर टाइम्स

दूदू(निसं)। शहर के नरैना रोड स्थित ज्ञानस्थली स्कूल का वार्षिकोत्सव "अक्स" सांस्कृतिक कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अक्स थीम कार्यक्रम के अंतर्गत "एक पिता की आजीवन भूमिका" को दर्शाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दूदू के वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशुतोष सिंह आढ़ा ने संस्था के निदेशक मुनीश जैन सहित अन्य अतिथियों के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया । दीप प्रज्वलन के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की गई । इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा एक पिता के जीवन के विभिन्न पहलुओं को नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शाकर सभी आए हुए अभिभावकों और आगंतुकों का मन मोह लिया । इस दौरान वहां मौजूद अभिभावकों और शिक्षकों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। स्कूल के निदेशक मुनीश जैन ने सभी अतिथियों का अभिनंदन और आभार प्रकट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्ञानस्थली की प्रधानाचार्या मोनिका जैन द्वारा की गई। कार्यक्रम में मोनिका जैन ने अध्ययन के साथ-साथ माता-पिता और गुरुजनों के सम्मान पर भी जोर दिया । मोनिका जैन ने समारोह को सफल बनाने के लिए



विद्यार्थियों और शिक्षकों की सराहना की।समारोह के अंत में प्रधानाचार्य जैन ने सभी विद्यार्थियों,अभिभावकों और आगंतुकों को धन्यवाद दिया। मंच संचालन स्कूल के बच्चों के द्वारा स्वयं किया गया।

## रांधा पुआ, बास्योड़ा आज महिलाएं पूजा अर्चना करेगी

जयपुर टाइम्स

लालसोट(निसं.)। शीतलाष्टमी के लोकपर्व पर सोमवार को बास्योड़ा मनाया जाएगा। अष्टमी तिथि को मंगलवार होने के कारण शीतला माता की पूजा एक दिन पहले सोमवार को ही की जाएगी। वहीं लालसोट की ग्राम पंचायत डिगो में सोमवार को शीतलाष्टमी पर ब्याई माता का विशाल मेला भी आयोजित होगा। लालसोट विधानसभा क्षेत्र सहित आसपास के गांव से काफी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं सहित युवा वर्ग माता के दरबार में पहुंचकर बास्योड़ा का भोग लगा कर माता की पूजा अर्चना कर मन्नत भी मांगेंगे। रविवार को रांधा पुआ पर माता को अर्पित किए जाने वाले विभिन्न पकवान घरों में बनाए गए। महिलाओं ने मिट्टी के बर्तन और पकवान के लिए कच्ची भोजन सामग्री खरीदी। शीतला सप्तमी पर शीतला माता को ठंडी सामग्री एवं एक दिन पूर्व बनाए गए पकवान का भोग लगेगा। इसलिए सोमवार को घरों में चूल्हा नहीं जलेगा। शीतला माता का स्वभाव शीतल माना जाता है। इसलिए गर्म पकवानों का भोग नहीं लगाया जाता। गर्मी जनित बीमारियों से दूर रखने की कामना के साथ शीतला माता की पूजा की जाती है।

### ब्याई माता का लख्खी मेला आज

शीतलाष्टमी के पर्व पर डिगो के पहाड़ों पर विराजमान ब्याई माता का विशाल मेला सोमवार को आयोजित होगा। मेले के आयोजन को लेकर मेला समिति एवं ग्राम पंचायत डिगो पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई है। ग्राम पंचायत डिगो सरपंच मंजू कंवर ने बताया कि मेले के आयोजन को लेकर छाया, पानी की व्यवस्था ग्राम पंचायत द्वारा की गई है। सरपंच ने बताया कि मेले में दुकानदारों एवं श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। साथ ही मेले में मां जगदम्बे की आकर्षक झांकी, रात्रि भक्ति सत्संग, पहलवान कुश्ती दोपहर एक बजे से चार बजे तक एवं अंतिम कुस्ती 2100 रुपये,नाल उठाना 500 रुपये, उंट दौड़ व घुड दौड 101 रुपये, रसिया दंगल 101 रुपये, कन्हैया दंगल सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### युवाओं ने शिविर में दिखाया गजब का उत्साह

## तरुण कुमावत की प्रथम पुण्य तिथि पर 200 यूनिट रक्तदान

जयपुर टाइम्स

सांभरलेक(निसं.)। सांभरलेक में रविवार को ब्रह्म समाज में तरुण कुमावत की प्रथम पुण्य तिथि पर मनोहर कुमावत व परिजनों की ओर से विशाल स्वेक्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ गोवर्धन नाथ मंदिर के महंत जुगल किशोर महाराज ने दीप प्रज्वलित व रक्तदान कर किया। महंत जुगल किशोर महाराज ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान हैं। रक्तदान से किसी का जीवन बचाया जा सकता हैं। ओर रक्तदान से जरूरतमंद लोगों को लाभ मिलता है। इस दौरान मनोहर लाल कुमावत, शरद कालानी, कमल शुक्ला, टीकम चंद मालाकार, डॉ. मंगल चंद यादव, व्यापार महासंघ पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण गोयल, किशन लाल कुमावत (केमिस्ट ), बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा, हनुमान गुर्जर, किरण बंजारा, रवि कुमावत, हीरालाल तंवर, सीपी व्यास, गो रक्षा सेवा समिति, पार्षद भारत सैनी, भाजपा के चंद्रप्रकाश सैनी, सुनीता शर्मा सहित सांभरलेक के अनेक युवा साथी और महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान फुलेरा ब्लड बैंक की ओर से 200 यूनिट रक्त एकत्रित किया। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र और हेलमेट देकर सम्मानित किया गया।



## सांभर समाज जयपुर का होली स्नेह मिलन व फागोत्सव कार्यक्रम आयोजित

यपुर टाइम्स

सांभरलेक(निसं.)। सांभर समाज जयपुर का होली स्नेह मिलन एवं फागोत्सव कार्यक्रम शनिवार रात को प्रताप मैरिज गार्डन वैशाली नगर जयपुर में आयोजित किया गया। जिसमे होली के रंग ब्रज के संग थीम पर इस बार मयूर रास, चंग-धमाल, फूलों की होली, लट्ठमार होली, इत्यादि होली प्रोग्राम देखने को मिले। जिसका लोगो ने जमकर लुफ्त उठाया और डांस किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विनोद कुमार पारीक, प्रमुख उद्योगपति एवं समाजसेवी विशिष्ट अतिथि के रूप में जगदीश सोमानी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने मां शाकंभरी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह में अतिथियों का माल्यार्पण, दुपट्टा पहनाकर स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आए हुए सांभर प्रवासियों ने अल्पाहार, भोजन व ठंडाई का आनंद लिया और होली पर स्नेह मिलन समारोह के जरिए अपना स्नेह बांटा। कार्यक्रम में ब्रजेश डांगरा, रमेश पारीक, कैलाश शर्मा, पवन मोदी, पंकज कालानी ने फाग गीत लावणियां गाई जिसे सुनकर लोग काफी आनंदित हुए। एक लावणी आओ आओ जी मरवण रा भरतार, खरबूजों मत खाए म्हारी जान तने हैजा की बीमारी छ पर पांडाल में मौजूद सभी लोगों ने संवेत स्वर में गाई। मंच का संचालन राजेश आचार्य ने किया। इस अवसर पर सांभर समाज जयपुर के अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष आर डी गोयल, बल्दवा, महासचिव पंकज कालानी, कोषाध्यक्ष मनोज गोयल, कार्यक्रम संयोजक नवनीत अग्रवाल, गोविंद मोदी, सहित कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।




### कार्यक्रम में इन सांभर प्रवासियों ने की शिरकत

सांभर समाज जयपुर का होली स्नेह मिलन व फागोत्सव कार्यक्रम में सांभर प्रवासी डा. सुरेन्द्र काला, गोपाल जौपट, विनोद तोतला, सुरेश कालानी, अतुल अग्रवाल, विनोद जैन, रमेश सांभरियां, वरिष्ठ पत्रकार कैलाश शर्मा, प्रवीण शर्मा (डिंपल), राकेश जोशी, दिनेश सिंघानियां, सुनील सोगानी, सत्यनारायण काबरा, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## एक्सीडेंट के बाद गड्ढे में पड़ा रहा पुलिसकर्मीः कार की टक्कर से 10 फीट तक उछला

अजमेर(निसं.)।

कार की टक्कर से 10 फीट तक उछलकर बाइक सवार पुलिसकर्मी सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा। रात भर सड़क किनारे गड्ढे में वह तड़पता रहा। समय से इलाज नहीं मिला और उसकी मौत हो गई। अजमेर पुलिस लाइन से शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे वह ड्यूटी जॉइन करने के लिए हरमाड़ा चौकी जा रहा था। चौकी से 5 किमी पहले ही रात 11 बजे हादसे का शिकार हो गया। रविवार सुबह उधर से निकलने वाले लोगों ने पुलिस को सूचना दी। दुर्घटना किशनगढ़ (अजमेर) स्थित बांदरसिंदरी इलाके में हुई है। सीओ ग्रामीण सत्यनारायण यादव ने बताया- हादसा किशनगढ़-भोजियावास ग्रामीण सड़क पर हुआ। अमरचंद सेवदा (36) पुत्र स्व. श्योराम जाट बाइक से हरमाड़ा चौकी (बांदरसिंदरी थाना) पर ड्यूटी जॉइन करने के लिए निकले थे। अजमेर पुलिस लाइन से चौकी की दूरी 40 किलोमीटर है। चौकी से 5.5 किलोमीटर पहले भोजियावास गांव के पास रात 11 बजे के करीब उसे कार ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में अमरचंद बाइक समेत गड्ढे में गिरा। अंधेरा होने के कारण बाइक या अमरचंद वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को नजर नहीं आए। रातभर वह गड्ढे में पड़ा रहा। रविवार सुबह उधर से गुजरने वाले वाहन चालकों ने बांदरसिंदरी थाना पुलिस को एक्सीडेंट की सूचना दी। जवान के शव को राजकीय यज्ञनारायण अस्पताल (किशनगढ़) की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। सीओ रूरल सत्यनारायण यादव, बांदरसिंदरी एसएचओ पारूल यादव समेत मदनगंज, गांधीनगर और शहर थाना पुलिस के जवान बड़ी संख्या में हॉस्पिटल पहुंचे। बांदरसिंदरी पारूल ने बताया- परिजनों को घटना की सूचना दी गई। उनकी रिपोर्ट के आधार पर पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की जा रही है। अमरचंद जयपुर ग्रामीण के नरैना थाना क्षेत्र के गहलोता गांव के रहने वाले थे। कुछ समय पहले तक वह सेवदा (बांदरसिंदरी थाने) में तैनात थे। उन्हें किसी कारण से पुलिस लाइन (अजमेर) भेज दिया गया था। हरमाड़ा चौकी (बांदरसिंदरी थाना) में उन्हें दोबारा पोस्टिंग दी गई थी। उधर, पुलिस सड़क किनारे लगे सीसीटीवी के फुटेज देख रही है।



## बाड़मेर में अवैध शराब से भरी गाड़ी जब्त, एक गिरफ्तार, 3 लाख रुपए के 99 कार्टन जब्त

बाड़मेर(निसं.)।

बाड़मेर एफएसटी टीम और धनाऊ पुलिन से संयुक्त कार्यवाही करते हुए एक गाड़ी में से 99 कार्टन अवैध शराब के जब्त किए है। इस दौरान गाड़ी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। शराब की अनुमानित कीमत 9 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस आरोपी से अवैध शराब की खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ कर रही है। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता की पालना में जगह-जगह चैकिंग की जा रही है। एफएसटी टीम संख्या 7 के प्रभारी प्रिंसिपल मुकेश कुमार और धनाऊ पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल रमेश कुमार मय पुलिस जाब्ता गश्त व नाकाबंदी की गई थी। गोहड़ का तला गांव में एक इसुजू गाड़ी को रुकवा कर चैकिंग की गई तो उसके अंदर से अलग-अलग शराब के 99 कार्टन मिले।

कार्यालयः नगर पालिका मण्डल, सरदार शहर
तहसील सरदारशहर जिला चूरू

दिनांक 01.03.2024

प्रमाणित किया जाता है कि सुजानमल जांगिड़ पुत्र श्री नेमीचन्द जांगिड़ जाति जांगिड़ निवासी भुरजी का कुआं वार्ड नं. 28 (पुराना वार्ड नं 23) सरदार शहर तहसील सरदारशहर जिला चूरू राजस्थान का स्वर्गवास दिनांक-26.04.2017 को हो चुका है इनके वारिस उपरोक्त वर्णित कुर्सीनाम के मुताबिक है। उपरोक्त वर्णित कुर्सीनामा में दर्ज वारिसों के अलावा इनके कोई वारिस शेष नही है।

कुर्सीनामा

श्री सुजानमल जांगिड़ पुत्र श्री नेमीचन्द जांगिड़ (फौत)

| निर्मला देवी | दीपिका जांगिड़ | नीलम जांगिड़ | राकेश जांगिड़ |
| --- | --- | --- | --- |
| पत्नी (मौ.) | पुत्री (मौ.) | पुत्री (मौ.) | पुत्र (मौ) |

## सम्पादकीय



### इजरायल और हमास में बर्बरता

इजरायल और हमास के बीच जारी जंग का हासिल क्या रहा है, यह दुनिया देख और समझ रही है। खासतौर पर इस युद्ध में जिस तरह बच्चों को भी हमले का शिकार बनाया गया, हजारों बच्चे मारे जा चुके हैं और रोजाना सैकड़ों युद्ध की चपेट में आ रहे हैं, वह युद्ध के बर्बर चेहरे को ही दर्शाता है। हमले का निशाना बन कर जान गंवाने वाले बच्चों के अलावा ऐसे तमाम मासूम हैं, जिन पर जंग के त्रासद हालात और हमले के तौर-तरीकों का भयावह मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ रहा है। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय चिकित्सकों की एक टीम हाल ही में जब गाजा पहुंची तो वहां युद्ध का व्यापक असर बच्चों पर देख कर स्तब्ध रह गई। ऐसे तमाम बच्चे थे, जो हमले में बुरी तरह घायल हो गए या जिनकी जान चली गई। ऐसे बच्चों की तकलीफ का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता जो खुद घायल हो गए और युद्ध में मारे गए अपने माता-पिता को रोते-तड़पते हुए खोज रहे हैं या जिनकी मानसिक स्थिति बुरी तरह प्रभावित हुई है। सवाल है कि हमास के हमले के बहाने इजराइल ने जवाब के तौर पर जिस जंग की शुरुआत की थी, उसका मकसद क्या था? उसके हमले में जितने हमास के आतंकी मारे गए, उनके मुकाबले कितने आम नागरिकों की जान जा चुकी है? एक आंकड़े के मुताबिक इजराइल के हमले में अब तक बारह हजार से ज्यादा बच्चों की जान जा चुकी है। अपने कथित जवाबी हमले के दौरान इजराइल ने बुनियादी मानवीय नैतिकता की तो दूर, युद्ध से संबंधित अंतरराष्ट्रीय कानूनों तक का ध्यान रखना जरूरी नहीं समझा। यहां तक कि युद्ध से बचने के लिए लोगों के पनाह लेने वाली जगहों और अस्पतालों तक पर बमबारी की गई। अब इस युद्ध के शिकार बच्चों पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में जैसी खबरें आ रही हैं, वे बताती हैं कि हमास को पर्दा बना कर इजराइल ने जो रुख अख्तियार किया हुआ है, उसके शिकार निर्दोष लोग और मासूम हो रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि सबसे शुरुआती दौर में हमास के हमले ने समूची दुनिया में उसके खिलाफ आक्रोश पैदा किया। मगर उसके बाद से इजराइल का जो रुख बना हुआ है, उसका बचाव करना खुद उसके मित्र देशों तक के लिए मुश्किल हो गया है!

# सोने की बढ़ती चमक




भारत में निवेश के चार बड़े साधन माने जाते रहे हैं। सोना, संपत्ति, शेयर और बचत योजनाएं। बीते वर्षों में विशेष रूप से वर्ष 2013 के बाद सोने की चमक फीकी पड़ी है। उस समय सरकार ने शुल्क बढ़ा कर और आयात पर अंकुश लगा कर खरीदारी को हतोत्साहित किया था, जिससे सोना अपने सबसे ऊंचे स्तर से लुढ़कने लगा था। उस अवधि में शेयरों ने अच्छा प्रदर्शन किया। रीयल एस्टेट भी एक अन्य महत्त्वपूर्ण परिसंपत्ति वर्ग है, लेकिन यह बहुत से नियमों, करों और परिसंपत्ति को बेचना आसान नहीं होने के कारण कमजोर बना हुआ है। इसके अलावा रीयल एस्टेट के लंबी अवधि के प्रतिफल के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं और न ही यह प्रतिफल पूरे देश में एकसमान है। करीब चार दशक से सूचकांक के आंकड़े उपलब्ध हैं और इस दौरान शेयरों ने अच्छा प्रतिफल दिया है। पिछले एक दशक में सोने का प्रतिफल शेयरों से अधिक रहा है।

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्वर्ण उपभोक्ता देश है और अपनी लगभग पूरी स्वर्ण मांग आयात के जरिए पूरी करता है। ऐसे में सोने के आयात में कमी अर्थव्यवस्था के लिए लाभप्रद है। आर्थिक सुस्ती के वर्तमान दौर में सोने के आयात में कमी से व्यापार घाटे में भी कमी आएगी। निश्चित रूप से भारत जैसे विकासशील देश के लिए सोने में निवेश उत्पादक नहीं है। प्रतिवर्ष देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब तीन फीसद सोने की खरीद के रूप में अनुत्पादक पूंजी में बदल रहा है। यकीनन वर्ष 2019 की शुरुआत से ही देश में सोने का आयात कम होने का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। आमतौर पर देश में दीवाली जैसे त्योहार की तैयारी के मौसम में सोने की मांग तेजी से बढ़ती है और भारत का स्वर्ण आयात बढ़ जाता है। लेकिन इस वर्ष ऐसा नहीं दिखाई दे रहा है। यदि हम आंकड़ों की तरफ देखें तो पाते हैं कि सोने का आयात तीन वर्ष के निचले स्तर पर आ गया है। पिछले महीने भारत ने छब्बीस टन सोने का आयात किया था, जो एक साल पहले के 81.71 टन से कम है। ऐसे में चालू महीने यानी अक्तूबर में सोने की मांग में कितनी भी वृद्धि हो जाए, इसकाआयात पचास टन से कम रहने के आसार हैं। इस समय देश और दुनिया में सोने की कीमतें आसमान छू रही हैं। बड़े निवेशक सोने में निवेश करके भारी लाभ कमा रहे हैं। हालांकि देश और दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं में नरमी और गिरावट का दौर चल रहा है। प्रॉपर्टी बाजार ठंडा पड़ा है। शेयर बाजार भी कभी उतरते हुए तो कभी चढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। लेकिन सोना उन गिनी-चुनी परिसंपत्तियों में है जो छोटे-बड़े सभी निवेशकों के लिए सुरक्षित और आकर्षक लग रहा है। विशेषज्ञ यह स्वीकार करते हैं कि शेयर, रीयल एस्टेट और सोना लंबी अवधि में सबसे अधिक प्रतिफल देने वाली परिसंपत्तियां होती हैं। इसलिए विशेषज्ञ पिछले कुछ वर्षों के दौरान सोने का प्रदर्शन कमजोर रहने के बावजूद निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो में इस पीली धातु की हिस्सेदारी बढ़ाने की सलाह दे रहे हैं। भारत में निवेश के चार बड़े साधन माने जाते रहे हैं। सोना, संपत्ति, शेयर और बचत योजनाएं। बीते वर्षों में विशेष रूप से वर्ष 2013 के बाद सोने की चमक फीकी पड़ी है। उस समय सरकार ने शुल्क बढ़ा कर और आयात पर अंकुश लगा कर खरीदारी को हतोत्साहित किया था, जिससे सोना अपने सबसे ऊंचे स्तर से लुढ़कने लगा था। उस अवधि में शेयरों ने अच्छा प्रदर्शन किया। रीयल एस्टेट भी एक अन्य महत्त्वपूर्ण परिसंपत्ति वर्ग है, लेकिन यह बहुत से नियमों, करों और परिसंपत्ति को बेचना आसान नहीं होने के कारण कमजोर बना हुआ है। इसके अलावा रीयल एस्टेट के लंबी अवधि के प्रतिफल के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं और न ही यह प्रतिफल पूरे देश में एकसमान है। करीब चार दशक से सूचकांक के आंकड़े उपलब्ध हैं और इस दौरान शेयरों ने अच्छा प्रतिफल दिया है। पिछले एक दशक में सोने का प्रतिफल शेयरों से अधिक रहा है। ऐसा लगता है कि भारत में सोना अब तक के सर्वोच्च्य स्तर पर पहुंचने और हाल में निवेश पोर्टफोलियो में सोने का हिस्सा बढ़ाने की चर्चाओं से परिदृश्य बदल रहा है। इस पीली धातु में अन्य संपत्ति वर्गों की तुलना में कई खूबियां हैं। सोने में अन्य वित्तीय बाजारों, विशेष रूप से शेयरों की तुलना में अलग रुझान होता है। निवेशकों को सोना खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने वाले कारक भी अलग होते हैं। भारत में सोना परिवारों की जरूरत है और सोने के आभूषण पहनना भारतीय संस्कृति का अंग भी है। लोग धार्मिक आस्था की वजह से मंदिरों में सोना चढ़ाते हैं। यदि हम देश में सोने की बढ़ती हुई कीमतों और सोने में निवेश करने वाले निवेशकों का ग्राफ देखें, तो पाते हैं कि चालू वित्त वर्ष 2019-20 के पहले पांच महीनों यानी अप्रैल से सितंबर के बीच देश में सोना निवेशकों को बाईस प्रतिशत से अधिक का लाभ दे चुका है। जबकि पिछले पूरे वित्तीय वर्ष 2018-19 में सोने के निवेशकों को लगभग दस प्रतिशत का लाभ मिला था। इस महीने में अब तक देश में सोने की कीमतें छह साल की सर्वोच्च्य ऊंचाई पर पहुंच चुकी हैं। अर्थविशेषज्ञों का कहना है कि इस साल के अंत तक सोना बयालीस हजार प्रति दस ग्राम तक पहुंच सकता है।

इस समय दुनिया में सोने की कीमतें बढ़ने के कई कारण दिखाई दे रहे हैं। दुनिया के केंद्रीय बैंक डॉलर की तुलना में सोने को महत्त्व दे रहे हैं और वे सोने की खरीद बढ़ा रहे हैं। इसके पीछे एक वजह अमेरिका और डॉलर की धमक कम करना भी है। रूस, चीन और भारत सहित दुनिया के कई देशों के केंद्रीय बैंकों ने पिछले कुछ महीनों में काफी मात्रा में सोना खरीदा है। छह सौ तेरह टन के सोने के भंडार के साथ भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) इस मामले में दसवां सबसे बड़ा सोने के भंडार वाला केंद्रीय बैंक है। सोने की कीमतों में नई तेजी की जड़ें दुनिया के कई विकसित देशों द्वारा डॉलर के नए विकल्प की तलाश में नीहित हैं।

दुनिया में सोने की कीमत बढ़ने का दूसरा बड़ा कारण अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते व्यापार युद्ध भी है। इससे वैश्विक मंदी का माहौल बन गया है। ऐसे में निवेशक सोने की खरीदी को उपयुक्त मान रहे हैं। अमेरिका में ब्याज दरें घटने की संभावना से भी डॉलर कमजोर हुआ है और इससे सोने की चमक तेज हुई है। चीनी मुद्रा के अवमूल्यन से मुद्रा बाजार में अनिश्चितता बढ़ी है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने भी सोने के दाम बढ़ाए हैं। सऊदी अरब की सबसे बड़ी तेल कंपनी पर आतंकी हमले के साथ खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव से भी सोना महंगा हुआ है। अमेरिका ने यूरोप के सामान पर शुल्क बढ़ाने का जो रदम उठाया, उससे भी सोने की चमक और बढ़ी। भारत में सोने की कीमत बढ़ने के दो अन्य कारण भी हैं। इनमें एक कारण इस साल के बजट में सोने पर सीमा शुल्क दस फीसद से बढ़ा कर साढ़े बारह फीसद कर दिया जाना है और दूसरा कारण मुद्रा बाजार में डॉलर के मुकाबले में रुपया कमजोर हुआ है।

हालांकि भारत में सोने के दाम अब तक के सर्वोच्च्य स्तर पर पहुंच गए हैं, लेकिन नए सोने की मांग अधिक नहीं बढ़ी है। लोग भी सोना बेच कर मुनाफा बनाने में लगे हैं। सरकार को चाहिए कि सोने की खरीदारी के इच्छुक निवेशकों को सोने की खरीदी की तुलना में स्वर्ण बांड के विकल्प की ओर प्रवृत्त करने की कोशिश करे। गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंडों के अलावा सॉवरेन गोल्ड बांड भी आ गए हैं और ये स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध हैं। इन दो विकल्पों ने पहले ही भौतिक रूप में सोना खरीदने की जरूरत खत्म कर दी है और इस पीली धातु को सही मायनों में ऐसा निवेश उत्पाद बना दिया है, जिसमें भौतिक सोने के साथ पैदा होने वाला भावनात्मक जुड़ाव आड़े नहीं आता है। स्वर्ण बांड में निवेश पर सरकार ने कई तरह की रियायतों की घोषणा की है, जिससे इसमें निवेश ज्यादा फायदेमंद हो सकता है। इसके तहत एक ग्राम सोने के मूल्य के बराबर न्यूनतम बांड में निवेश कर सकते हैं। स्वर्ण बांड की बिक्री पर होने वाले लाभ पर किसी तरह का कर नहीं लगता है। ऐसा किया जाना सोने के निवेशकों के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी लाभप्रद होगा।

ये लेखक के निजी विचार हैं

# जल से ही कल



हम शुरू से ही 'जल ही जीवन है' सुनते आ रहे हैं। इसे आज भी सुनना बेहद जरूरी है। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि हम सच जानने के बावजूद उसकी गहराई में उतर कर उसकी स्थिति जानने की कोशिश नहीं करते हैं। आज भारत ही नहीं, संपूर्ण विश्व जल के संकट से जूझ रहा है। यह भी कहा जाने लगा है कि तृतीय विश्वयुद्ध जल के कारण होगा। लेकिन इतनी भयावह स्थिति के बावजूद जल को लेकर हम, हमारा समाज और हमारी सरकार न तो सतर्क दिखाई देती है और न ही किसी प्रकार के कोई ठोस कदम उठाए जाते हैं। जो कुछ किया भी जाता है, वह इस समस्या के विकराल रूप के सामने बहुत ही बौना मालूम पड़ता है। जल संरक्षण किसी सरकार मात्र की जिम्मेदारी नहीं है, इस बात को नकारा नहीं जा सकता है। जल संरक्षण के लिए हरेक व्यक्ति को जागरूक होना पड़ेगा। आज भारत का सत्तर प्रतिशत वर्ग ऐसा है, जिसे स्वच्छ पानी मुहैया नहीं हो पाता है। पचास फीसद भारत का भूभाग जल की भयंकर कमी से जूझ रहा है। हफ्ते या कहीं-कहीं तो महीने में एक बार पानी का टैंकर आता है और पानी ऐसे बांटा जाता है जैसे कोई प्रसाद बांटा जा रहा हो। लोगों को आपस में इसके लिए लड़ना पड़ता है। जिनको पानी मिल पा रहा है, उनके लिए यह विषय विचारणीय नहीं है। ऐसा उन्हें लगता है, क्योंकि जिसकी थाली में रोटी होती है, उसे पूरी दुनिया का पेट भरा हुआ ही लगता है। हम जो कुछ पर्यावरण और प्रकृति के साथ कर रहे हैं, उसके परिणाम भी अब धीरे-धीरे हमें देखने को मिल रहे हैं। फिर भी हमारी चेतना न जाने कहां सो गई है। हमें 'विकास' न जाने कहां लेकर आ गया है, जहां न कटते पेड़ दिखाई देते हैं, न हमें तालाबों और झीलों का पाटा जाना जाना दिखता है। हम विकास की सबसे ऊंची मंजिल पर खड़े होना चाहते हैं, जहां से हमें धरातल नहीं दिखता। प्यास से तड़प कर मरते पशु-पक्षी नहीं दिखते, कला गंदा पानी पीते इंसान नहीं दिखते, कोसों दूर किसी कुएं से पानी लाती महिलाएं नहीं दिखतीं। आज सभी लोगों को 'हम सुधरेंगे जग सुधरेगा' सिद्धांत को अपने आचरण में शामिल करने की आवश्यकता है। किसी शायर ने कहा है- 'अब नहीं सुधरे तो आलम इससे बदतर आएगा/ आने वाला कल लिए हाथों में खंजर आएगा!' दुनिया में विवाह को लेकर कभी किसी ने अलग से सोचने की कोई जरूरत महसूस नहीं की। कुछ कबीलों और कुछ उन्नत सभ्यताओं को छोड़ कर दुनिया के अधिकांश हिस्सों में विवाह के बाद दुल्हन दूल्हे के घर जाती है। ऐसा लगता है कि सत्ता और शारीरिक बल अधिक होने की वजह से इस रिवाज को तय करने में पुरुषों ने महिलाओं से कोई विचार-विमर्श नहीं किया होगा। उन्हें लगा कि उनके लिए यह हितकारी होगा कि परिवार की लड़की घर छोड़ कर जाए, वे नहीं। उन्हें शायद नए वातावरण में तालमेल बिठाने का कार्य कठिन लगा और इसीलिए उन्होंने ऐसे नियम बनाए जो उनके हित में हों।

मेरा मानना है कि विवाह प्रथा तो बनी रहे और बारात भी लड़की के घर आए, लेकिन विवाह होने के बाद दूल्हा अपनी दुल्हन के घर रहे। दूल्हा उम्र में बड़ा होता है और मोटे तौर पर शारीरिक दृष्टि से मजबूत होता है। उस पर अपने ससुराल में वे जुल्म नहीं होंगे जो अक्सर नव-विवाहिताओं के साथ होते हैं। पुरुष होने के कारण वे रात के अंधेरे में भी वापस अपने घर जा सकते हैं। शारीरिक संरचना की वजह से वे विषम परिस्थितियों का मुकाबला आसानी से कर सकते हैं।

# काले हीरे का दंश

जहां-जहां सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला खान हैं, वहां का जनजीवन सीधे प्रभावित हुआ है। छत्तीसगढ़ में मैं जहां रहता हूं, उसके आसपास कोयले की अनेक खदाने हैं, जैसे मानिकपुर, कुसमुंडा, गेवरा, बाकीमोंगरा, सुराकछार, दिपका, सराईपाली आदि। इन खानों से निकलने वाले कोयले के कारण यहां के आम आदमी को क्या मिला है, इसका आकलन दूर बैठ कर या 'काला पत्थर' फिल्म देख कर नहीं किया जा सकता। हमारे बुजुर्ग बताते हैं कि जब ये कोयला खानें शुरू हो रही थीं, हम लोगों को लोगों को बहुतेरे सब्जबाग दिखाए गए। नौकरी, स्वास्थ्य, सामुदायिक भवन, शिक्षा या और भी बहुत कुछ देने की बातें कहीं गई थीं। मगर आज जब मैं यहां की स्थिति देखता हूं तो लोगों की त्रासदी से मन परेशान हो जाता है।

कोई भी यह यह सोचने पर मजबूर हो जाएगा कि साधारण लोगों का ऐसा मखौल कैसे उड़ाया जा सकता है। मन में सवाल उठता है कि क्या दुनिया के दूसरे देशों में भी आम आदमी की जमीन लेकर उसे विस्थापित बना कर कुलीन, आभिजात्य वर्ग आनंदित महसूस करता है? क्या यह मानव स्वभाव है कि हम कमजोर, दबे-कुचले लोगों को और भी दबाएं और अगर कभी वह अपने अधिकारों की बात करे तो उसकी आवाज दफ्न कर दी जाए? यह गाथा वृहद है, एक औपन्यासिक विस्तार लिए हुए!

मैं हाल ही में कोरबा जिला के एक कोयला खान के नजदीक कुछ गांवों में गया। वहां के हालात बेहद दयनीय थे। पता चला कि पानी की भारी कमी और दूसरी तकलीफें गांववासी झेल रहे हैं। खदान में जो विस्फोट 'काला हीरा' यानी कोयला निकालने के लिए होता है, उसकी वजह से तालाब का पानी लगभग खत्म हो चुका है। नल और कुओं में पानी नहीं है, वहीं घर, सरकारी भवन, स्कूल की इमारतें ऐसे विस्फोट के कारण दरक रहे हैं। एक गांव में प्राथमिक पाठशाला का भवन विस्फोट के कारण क्षतिग्रस्त हो चुका है। छत या दीवारें कब गिर जाएं, पता नहीं। एक बच्ची ने बताया कि दोपहर जब विस्फोट होता है तब उसे बहुत डर लगता है।



आसपास के गांवों में भी जगह-जगह इस समस्या का दंश हमें गहराई से महसूस हुआ। कितने लोगों की जमीन इसमें चली गई और कितनों को नौकरी नहीं मिली। विस्थापन के एवज में बसाहट के लिए जो जमीन मिलनी चाहिए, उसका कुछ पता नहीं कि कब मिलेगी! कोयला खदानों में पीड़ा और त्रासदी अपने भयावह स्वरूप में दिखाई देती है। स्थानीय लोगों का शोषण बदस्तूर जारी है और कोई रोकने या बोलने वाला नहीं है। बसाहट जगहों पर जो सुविधाएं देनी चाहिए, वह किस भयावह पशु के पेट में समा रही है यह कोई नहीं जानता। न शिक्षा की व्यवस्था, न स्वास्थ्य की। यहां तक कि पानी की व्यवस्था भी अपने सामर्थ्य से करना है। एक तरफ खदान से कंपनियां करोड़ों रुपए कमा रही है, दूसरी ओर आम लोग लाचार हैं। जबकि करोड़ों रुपए सामुदायिक सहभागिता के तहत इन प्रस्तावित क्षेत्रों में खर्च करने का नियम है। मगर वह कहां जाता है, किसी को नहीं पता! यह मकड़जाल विराट स्वरूप ग्रहण कर चुका है, नीचे से ऊपर तक अपने पांव जमा चुका है। इससे बचने का कोई रास्ता इलाके के आम भूविस्थापित, प्रभावित ग्रामवासियों को दिखाई नहीं देता।

त्रासदी का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि यहां के लोग रो भी नहीं सकते। एक कहावत है- 'दबंग मारता है और रोने भी नहीं देता'! यही यहां का सच है। देश को करोड़ों अरब का काला हीरा प्रदान करने वाला कोरबा अंचल इन दुखी पीड़ितों का कब्रगाह बन चुका है। जगह-जगह कोयला निकल रहा है, हवा में धूल है, प्रदूषण है। कोयले से लदी गाड़ियां दौड़ रही हैं, आम आदमी बस शिकार बना चुपचाप सब सह रहा है। सरकारें पता नहीं, किसके लिए काम करती है। दिलासा देने के लिए 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया' कह कर इलाके के लोगों की प्रशंसा की जाती है और उनके अधिकारों को दरकिनार कर दिया जाता है। शोषण, दर्द और त्रासदी की यह कहानी जारी है। सरकार में ऊंचे स्तर से सुविधाएं और धन भेजने की बातें कही जाती हैं, गांवों के लोग पानी, स्वास्थ्य सुविधाएं और शिक्षा का इंतजार करते रह जाते हैं। सरकार की ओर जारी राशि कहां खर्च हो जाती है, कुछ पता नहीं चलता। जो निर्माण होते हैं, वे किनके लिए होते हैं, उनमें लगने वाले पैसे का क्या हिसाब होता है, इसके बारे में आम लोगों को कुछ जानकारी नहीं मिलती। पर्यावरण को होने वाले नुकसान से लेकर लोगों की जिंदगी तक जोखिम में पड़ जाती है, लेकिन सरकारों को शायद कोई फर्क नहीं पड़ता। हाल ही में फिर कुछ नई घोषणाएं हुई हैं, लेकिन देखना है कि आने वाले समय में अपनी जमीन से विस्थापित, खदान प्रभावित ग्रामीण इलाकों में खुशी आती है या फिर एक बार परदे में ढकी त्रासदी ही लोगों के हिस्से में आती है।



# अली सैफ़ ख़ान

## की साड़ी के बाद ओपन शर्ट में ये तस्वीरें कहीं चुरा ना लें दिल, सोशल मीडिया में हो रहीं जमकर वायरल

सैफ़ अली ख़ान और अमृता सिंह की बेटी सारा अली ख़ान सोशल मीडिया में काफ़ी बिंदास हैं। सारा की तस्वीरें जितनी दिलचस्प होती हैं, उतने ही मज़ेदार होते हैं उन तस्वीरों के कैप्शन। सारा ने अब अपने नये फोटोशूट की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में जहां सारा का बोल्ड अंदाज़ सामने आ रहा है, वहीं इनके साथ लिखा कैप्शन उनके फनी स्वभाव और सेंस ऑफ ह्यूमर सामने ला रहा है।

नई तस्वीरों में सारा ने सफेद रंग की कमीज़ पहनी हुई है, जिसके बटन खुले हैं और अंदर उन्होंने काले रंग का इनर पहना है। बाल बिखरे हुए हैं। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा- इक बेवफ़ा के ज़ख़्मों पर, मरहम लगाने हम गये। मरहम की कसम, मरहम ना लगा। मरहम की जगह, मर हम गये। सारा ने इस कैप्शन में ब्रेकअप वाली इमोजी का इस्तेमाल भी किया है। हालांकि बाद में सारा ने इस कैप्शन को एडिट करके फायर इमोजी बना दीं। सारा के फोटोशूट की तस्वीरें अब वायरल हो रही हैं और फैंस इन्हें जमकर लाइक कर रहे हैं।

इससे पहले सारा ने साड़ी में फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की थीं, जिनमें वो बेहद ट्रेडिश्नल और खूबसूरत दिख रही थीं। सारा की नई तस्वीरें पुरानी फोटो के मिज़ाज से बिल्कुल अलग हैं। इन तस्वीरों में सारा ने गुलाबी रंग की प्रिंटेड साड़ी के साथ स्लीवलेस ब्लाउज पहना था और माथे पर एक बिंदी लगायी। इसके साथ कैप्शन में लिखा- बिंदिया चमकेगी। सारा की इन तस्वीरों को 9 लाख से अधिक लोगों ने पसंद किया था।

सारा, मौजूदा दौर की उन अभिनेत्रियों में शामिल हैं, जो सोशल मीडिया पर काफ़ी एक्टिव हैं और अपनी तस्वीरों से फैंस का मनोरंजन करती रहती हैं। सारा, कई बार मज़हब और कौमी एकता को लेकर भी पोस्ट करती हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने कुछ तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किये थे, जिनमें वो मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे और चर्च में नज़र आ रही थीं। सारा की फ़िल्मों की बात करें तो वो आनंद एल राय की फ़िल्म अतरंगी रे में दिखेंगी, जिसमें अक्षय कुमार और धनुष के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करने वाली हैं।

## उर्फी जावेद ने ओपन शर्ट के साथ पहना ब्रालेट, फैंस ने कहा, ये लोगों को चैलेंज कर रही हैं कि वो...



बिग बॉस ओटीटी से चर्चा में आई एक्ट्रेस उर्फी जावेद शो खत्म होने बाद भी काफी चर्चा में बनीं हुई हैं। शो के बाद उर्फी का जलवा देखने लायक है। वह लगातार सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। एक के बाद एक उर्फी की बोल्ड तस्वीरें मीडिया पर चर्चा में बनीं हुई हैं। उर्फी अपने कपड़ों को लेकर लगातार सोशल मीडिया पर ट्रोल की जा रही हैं। लोग उर्फी को उनके कपड़ों की वजह से ट्रोल कर रहे हैं। वहीं इन बातों की परवाह न किए बगैर उर्फी अपनी ड्रेसिंग सेंसे से लोगों को हैरान करती नजर आ रही हैं। हाल फिलहाल उर्फी के कई वीडियोज फैंस के बीच चर्चा में रहें। इसी बीच उर्फी का एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियों में वह फिर से बोल्ड ड्रेस में नजर आई। यहां देखें उर्फी का वीडियो....

उर्फी जावेद के वायरल वीडियो को बॉलीवुड के फेमस फोटोग्राफर विरल भयानी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि उर्फी काफी हॉट नजर आ रही हैं। वीडियो में आप देख सकते हैं कि उर्फी ने पैंट के साथ ब्रालेट पहना हुआ है। वहीं इस ड्रेस के साथ ही उन्होंने एक लॉन्ग शर्ट पहना है जो आगे से ओपन है। इस वीडियो के सामने आते ही फैंस एक बार फिर उनके ड्रेसिंग सेंस को देखकर भड़क गए हैं। वह उन्हें ट्रोल करते हुए उन्हें सोशल मीडिया पर भद्दे कमेंट्स कर रहे हैं।

एक यूजर ने उर्फी के वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा, इसका रोज का नाटक है। तो वहीं दूसरा लिखता है, ये लोगों को ट्रोल करने के लिए चैलेंज कर रही है। वहीं एक लिखता है, ये आखिर हैं कौन? इस तरह के कई कमेंट कर फैंस अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं।

## हिना खान ने जन्मदिन से पहले करवाया ट्रेडिशनल अंदाज में फोटोशूट, वायरल हुई तस्वीरें



हिना खान ने जन्मदिन से पहले सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर की हैद्य इसमें उन्होंने फोटोशूट करवाया हैद्य उनकी फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैद्य हिना खान ट्रेडिशनल, फॉर्मल, वेस्टर्न या अन्य प्रकार के कपड़ों में काफी खूबसूरत नजर आती हैद्य वह सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी फोटोशूट से जुड़ी तस्वीरें शेयर करती हैद्य अब अपने जन्मदिन से पहले हिना खान ने सोशल मीडिया पर ट्रेडिशनल अंदाज में फोटोशूट करवाया हैद्य उनकी यह तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है।

हिना खान ने एंब्रॉयडरी की हुई फ्लोरल ड्रेस पहन रखी हैद्य इसके साथ उन्होंने ज्वेलरी भी पहन रखी हैद्य हिना खान खूबसूरत मांग टिका लगाए भी नजर आईद्य इसके अलावा उन्होंने हरे रंग की एक खूबसूरत रिंग भी पहन रखी हैद्य साथ ही उन्होंने हाथ में चूड़ियां भी पहन रखी हैद्य हिना खान का मेकअप भी उन्हें और खूबसूरत बना रहा हैद्य तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है, हेलो अक्टूबर।

हिना खान की इन फोटो के लिए काफी सराहना की गई हैद्य बॉलीवुड एक्ट्रेस महिमा चौधरी ने कमेंट किया है, बहुत खूबसूरत। वहीं मोहित कथूरिया ने लिखा है, यह आपका जन्मदिन का महीना हैद्य हिना के कई फैंस और प्रशंसकों ने भी फोटोशूट पर दिल की इमोजी शेयर की है। हिना खान हाल ही में वीडियो बेट्रेयल में नजर आई थीद्य इसमें उनके अलावा अंगद बेदी की अहम भूमिका थीद्य दोनों की केमिस्ट्री काफी पसंद की गई थीद्य हिना खान वीडियो में नए लुक में नजर आई थी।

हिना खान फिल्म एक्ट्रेस है। उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है। उनकी भूमिकाएं काफी पसंद की गई है। वह सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं। उनका अफेयर राकेश जायसवाल के साथ चल रहा है। दोनों जल्द शादी करने वाली है। दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी पसंद की जाती है। दोनों काफी समय साथ बिताते है।

# कृति सेनन

## का ऑडिशन वीडियो वायरल, जानें क्यों चीखती-चिल्लाती आईं नजर

कृति सेनन के बॉलीवुड में 8 वर्ष पूरे हो गए हैं, अब उनका एक ऑडिशन का वीडियो वायरल हो रहा हैद्य कृति सेनन ने बॉलीवुड में 8 वर्षों के करियर में 10 फिल्मों में काम किया हैद्य कृति सेनन पिछली फिल्म मिमी में सरोगेट मदर की भूमिका में नजर आई थीद्य कृति सेनन बॉलीवुड में डेब्यू करने के पहले भी अपने आत्मविश्वास के लिए जानी जाती थीद्य उनके एक ऑडिशन का एक वीडियो वायरल हो रहा हैद्य इसमें वह साफ तौर पर कहती नजर आ रही है कि वह 2 पीस पहनने में कंफर्टेबल नहीं है.

कृति सेनन वीडियो में वन पीस पहने नजर आ रही हैं और उनके बाल खुले हुए हैं. उन्होंने वीडियो में अपना परिचय दिया है वह कहती है कि वह 5 फुट 9 इंच की है और वह अपनी साइड प्रोफाइल भी दिखा रही हैद्य इसके अलावा उनसे पूछा जाता है कि क्या वह तैराकी जानती है इसपर उन्होंने हां कहा हैद्य साथ ही वह यह भी कहती है, 2 पीस पहनने में कंफर्टेबल नहीं हूं.

कृति सेनन फिल्म अभिनेत्री हैं उन्होंने कई फिल्मों में काम किया हैद्य उनकी फिल्में काफी पसंद की गई है वह सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं वह अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करती है जो कि बड़ी तेजी से वायरल होती है।



# क्यों होती है बर्फबारी



कुछ दिन पहले ही यूरोप और एशिया के कई देशों के पहाड़ी इलाकों में बड़े पैमाने पर बर्फबारी हुई थी। जिससे सामान्य जनजीवन अस्तव्यस्थ हो गया था। अभी भी लेकिन ये बर्फबारी होती कैसे है? आकाश में बर्फ कैसे बनती है और नीचे क्यों गिरती है? आज हम तुम्हें यही सब बताने जा रहे है। सूरज की गर्मी से नदियों, तालाबों, झीलों से जल भाप बनकर उड़ जाता है और वातावरण में पहुंच जाता है। जब इस तरह के बहुत सारे वाष्प कण इकट्ठे हो जाते हैं तो वे बादल का रूप ले लेते हैं।

जब ये बादल आपस में टकराते हैं तो बारिश होती है। लेकिन जब ये बादल वातावरण में अधिक ऊपर चले जाते हैं तो वहां का तापमान बहुत कम हो जाता है और वातावरण बहुत ठंडा हो जाता है। बादल का तापमान बहुत नीचे पहुंचने पर, बादलों में मौजूद वाष्प कण नन्हे–नन्हे बर्फ कणों में बदल जाते हैं। हवा इन बर्फ कणों का वजन सहन नहीं कर पाती और ये कण बादल से नीचे की ओर गिरने लगते हैं। जब वो गिरते हैं तो एक–दूसरे से टकरा कर जुड़ने लगते हैं। इस तरह इनका आकार बड़ा होने लगता है। जब ये कण हमारी पृथ्वी पर गिरते हैं तो हम उसे बर्फबारी कहते हैं। अब तुम यह कह सकते हो कि बर्फ दरअसल जमा हुआ पानी है।

बर्फबारी में धरती पर अकरार बर्फ की सफेद चादर–सी बिछ जाती है। गिरती हुई यह बर्फ हमेशा नर्म नहीं होती है। यह बर्फ गिरते हुए एक जगह इकट्ठी न गिरकर हवा के साथ इधर–उधर फैल जाती है, इसलिए यह कहीं बहुत ज्यादा और कहीं बहुत कम गिरती है। कभी यह छोटे–छोटे पत्थर के रूप में, तो कभी बारिश के साथ गिरने वाले सख्त बर्फ यानी ओलों के रूप में भी गिरती है। बर्फ चाहे जिस रूप में भी गिरे, जहां यह गिरती हैं वहां का तापमान काफी गिर जाता है। आसपास के इलाके भी सर्द हवाओं की चपेट में आ जाते हैं। बर्फ उन स्थानों पर अधिक गिरती है जो इलाके या तो समुद्र से काफी ऊपर होते हैं या फिर ऊंचाई पर होते हैं। वातावरण में बर्फ काफी अधिक बनती है, जिसका एक छोटा हिस्सा ही नीचे पहाड़ों पर गिरता है। बाकी हिस्सा बारिश के रूप में नीचे आता है। अब तुम सोच रहे होगे कि बर्फ बनती और नीचे बारिश गिरती है, वो कैसे? वातावरण में मौजूद ओजोन की गर्म परतों के बीच से जब बर्फ के कण गुजरते हैं तो यह बर्फ पिघल जाती है और बारिश के पानी में बदल जाती है, जबकि ऊंचे पहाड़ों में तापमान पहले से ही शून्य डिग्री से काफी कम होता है, इसलिए वहां पर बर्फबारी होती है। पहाड़ों पर गिरी यह बर्फ गर्मियों में सूरज की तपिश से पिघलकर नदियों में पानी की आपूर्ति करती है, जिसे खेती–बाड़ी, बिजली बनाने और अन्य कामों के लिए उपयोग किया जाता है।



क्या तुम जानते हो

# क्यों बड़ा दिखता है सूर्य ?

कई बार आपने देखा होगा कि जब सूरज उगता और ढलता है। तो उसका आकार थोड़ा बड़ा हो जाता है। दिखने में भी काफी अच्छा ही लगता है। उस वक्त उसकी किरणें हल्की होती हैं। ऐसे में वह हमें पूर्ण रूप में दिखता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आखिर ऐसा होता क्यों है। दरअसल, जब वह पूरी तरह उदित हो जाता है तो उसकी किरणों की रोशनी बहुत तेज हो जाती हैं। हमारी आंखें उसपर नहीं ठहरती हैं। तब हमें वह छोटा दिखता है क्योंकि हम उसके भीतरी भाग को ही देख पाते हैं।



सूर्य हमारी पृथ्वी से 15 करोड़ किलोमीटर दूर है। यह मुख्य रूप से हाइड्रोजन और हीलियम से बना है। इसकी बाहरी सतह की अपेक्षा अंदर की सतह ज्यादा गर्म होती है। सूक्ष्म तौर पर देखने पर यह हमें दो भागों में दिखाई देता है। जब सूर्य उदय होता है तब धीरे-धीरे इसकी किरणों पृथ्वी पर पहुंचती हैं। सूर्य के प्रकाश को पृथ्वी तक आने में आठ मिनट उन्नीस सेकेंड का समय लगता है। शाम के समय प्रकाश के हल्के और कमजोर होने से सूर्य हमें स्पष्ट और पूरा दिखाई देता है परंतु जब सूर्य दोपहर के समय ठीक पृथ्वी के ऊपर होता है,उस समय उसकी तेजस्वी किरणें पृथ्वी की ओर आती हैं। चूंकि ऊंचाई घटने पर परिवर्तन में ज्यादा फर्क दिखता है इसलिए ऊर्ध्वतल छोटा हो जाता है जबकि क्षितिज तल बढ़ जाता है। इसलिए सूर्योदय और उसके अस्त होते समय आकार बड़ा नजर आता है।

# क्या है पिग्गी बैंक की कहानी

पिग्गी बैंक के बारे में तुमने बहुत सुना होगा।और तुम्हारे पास यह होगा भी।लेकिन आज हम तुम्हें इसका नाम पिगी बैंक कैसे पड़ा।और इसकी जरूरत क्यों महसूस हुई।इसके बारे में बताने जा रहे है। दरअसल, 15वीं और 16वीं शताब्दी में जब लोगों के पास बैंकिंग सुविधा नहीं थी तब वो बारिश के मौसम के लिए कुछ पैसे घर में छिपाकर रखते थे। बारिश के मौसम में फसल का काम नहीं होता था, जो उनकी रोजी-रोटी का एकमात्र साधन था। पिग्गी बैंक का नाम पिग शब्द से उत्पन्न हुआ, जिसका मतलब है सूअर (जानवर)। प्राचीनकाल में जब मनुष्य शिक्षित नहीं थे, तो सूअर ऐसा जानवर माना जाता था, जिसे वह पूरे साल हर बचा हुआ खाना खिलाते थे और आखिर में उसे मारकर उसका मांस खाते थे। आज भी पिग्गी बैंक पैसे बचाने के लिए इसी रूप में इस्तेमाल होता है। हर घर में छोटे-बड़े कई गुल्लकों में घर खर्च से बचे हुए पैसे उसमें इकट्ठा किये जाते है और आखिर में उसे तोड़कर उसमें बचाये हुए पैसे का इस्तेमाल किया जाता है। 19वीं शताब्दी में बचत के लिए चिकनी मिट्टी और प्लास्टिक के बने हुए कई प्रकार और आकार के गुल्लक बाजार में बिकने लगे, जिसने बहुत कम समय में लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। पिग्गी बैंक एक आसानी से बचत करने के तरीके के साथ बचे हुए पैसे के सदुपयोग में भी मददगार साबित हुआ। यही कारण है कि दुनिया भर के बच्चे इसे खूब पसंद करते हैं।



बाल कहानी

# और चाँद फूट गया

आशीष और रोहित के घर आपस में मिले हुए थे। रविवार के दिन वे दोनों बड़े सवेरे ही बगीचे में आ पहुँचे।

तो आज कौन सा खेल खेलें ? रोहित ने पूछा। वह छह वर्ष का था और पहली कक्षा में पढ़ता था।

कैरम से तो मेरा मन भर गया। क्यों न हम क्रिकेट खेलें ? आशीष ने कहा। वह भी रोहित के साथ पढ़ता था।

मगर उसके लिये तो ढेर सारे साथियों की जरूरत होगी और यहाँ हमारे तुम्हारे सिवा कोई है ही नहीं। रोहित बोला।

वे कुछ देर तक सोचते रहे फिर आशीष ने कहा, चलो गप्पें खेलते हैं।

गप्पें? भला यह कैसा खेल होता है? रोहित को कुछ भी समझ में न आया।

देखो मैं बताता हूँ आशीष ने कहा, हम एक से बढ़ कर एक मज़ेदार गप्प हाँकेंगे। ऐसी गप्पें जो कहीं से भी सच न हों। बड़ा मज़ा आता है इस खेल में। चलो मैं ही शुरूकरता हूँ यह जो सामने अशोक का पेड़ है ना रात में बगीचे के तालाब की मछलियाँ इस पर लटक कर झूला झूल रही थीं। रंग बिरंगी मछलियों से यह पेड़ ऐसा जगमगा रहा था मानो लाल परी का राजमहल।

अच्छा! रोहित ने आश्चर्य से कहा, और मेरे बगीचे में जो यूकेलिप्टस का पेड़ है ना इस पर चाँद सो रहा था। चारों ओर ऐसी प्यारी रोशनी झर रही थी कि तुम्हारे अशोक के पेड़ पर झूला झूलती मछलियों ने गाना गाना शुरू कर दिया।

अच्छा! कौन सा गाना? आशीष ने पूछा। वही चंदा मामा दूर के पुए पकाएँ बूर के। रोहित ने जवाब दिया।

अच्छा! फिर क्या हुआ?

फिर क्या होता, मछलियाँ इतने ज़ोर से गा रही थीं कि चाँद की नींद टूट गयी और वह धड़ाम से मेरी छत पर गिर गया।

फिर?

फिर क्या था, वह तो गिरते ही फूट गया।

हाय, सच! चाँद फूट गया तो फिर उसके टुकड़े कहाँ गये? आशीष ने पूछा।

वे तो सब सुबह-सुबह सूरज ने आकर जोड़े और उनपर काले रंग का मलहम लगा दिया। विश्वास न हो तो रात में देख लेना चाँद पर काले धब्बे जरूर दिखाई देंगे।

अच्छा ठीक है मैं रात में देखने की कोशिश करूँगा। आशीष ने कहा। वह एक नयी गप्प सोच रहा था।

हाँ याद आया, आशीष बोला, पिछले साल जब तुम्हारे पापा का ट्रांसफर यहाँ नहीं हुआ था तो एक दिन खूब ज़ोरों की बारिश हुई। इतनी बारिश कि पानी बूँदों की बजाय रस्से की तरह गिर रहा था। पहले तो मैं उसमें नहाया फिर पानी का रस्सा पकड़ कर ऊपर चढ़ गया। पता है वहाँ क्या था?

क्या था? रोहित ने आश्चर्य से पूछा।

वहाँ धूप खिली हुई थी। धूप में नन्हें नन्हें घर थे, इन्द्रधनुष के बने हुए। एक घर के बगीचे में सूरज आराम से हरी-हरी घास पर लेटा आराम कर रहा था और नन्हें-नन्हें सितारे धमाचौकड़ी मचा रहे थे

सितारे भी कभी धमाचौकड़ी मचा सकते हैं? रानी दीदी ने टोंक दिया। न जाने वो कब आशीष और रोहित के पास आ खड़ी हुई थीं और उनकी बातें सुन रही थीं।

अरे दीदी, हम कोई सच बात थोड़ी कह रहे हैं। रोहित ने सफाई दी।

अच्छा तो तुम झूठ बोल रहे हो? रानी ने धमकाया।

नहीं दीदी, हम तो गप्पें खेल रहे हैं और हम खुशी के लिये खेल रहे हैं, किसी का नुक्सान नहीं कर रहे हैं। आशीष ने कहा।

भला ऐसी गप्पें हाँकने से क्या फायदा जिससे किसी का उपकार न हो। मैने एक गप्प हाँकी और दो बच्चों का उपकार भी किया।

वो कैसे ? दोनों बच्चों ने एक साथ पूछा।

अभी अभी तुम दोनों की मम्मियाँ तुम्हें नाश्ते के लिये बुला रही थीं। उन्हें लगा कि तुम लोग बगीचे में खेल रहे होगे लेकिन मैने गप्प मारी कि वे लोग तो मेरे घर में बैठे पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने मुझसे तुम दोनों को भेजने के लिये कहा है।

यह सुनते ही आशीष और रोहित गप्पें भूल कर अपने-अपने घर भागे। उन्हें डर लग रहा था कि मम्मी उनकी पिटाई कर देंगी लेकिन मम्मियों ने तो उन्हें प्यार किया और सुबह-सुबह पढ़ाई करने के लिये शाबशी भी दी। रानी दीदी की गप्प को वे सच मान बैठी थीं।



## मेडिकल कॉलेज प्राचार्य और पीबीएम अधीक्षक ने किया ठंडे पानी की प्याऊ का उद्घाटन

### गोमादेवी चमड़िया चेरिटेबल फाउंडेशन और मारवाड़ जन सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में होगा संचलन

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निसं.)।** सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी तथा पीबीएम अधीक्षक डॉ. पी.के. सैनी ने रविवार को पीबीएम अस्पताल परिसर में ठंडे पेयजल की प्याऊ का उद्घाटन किया। प्याऊ का संचालन श्रीमती गोमा देवी चमड़िया चैरिटेबल फाउंडेशन तथा मारवाड़ जन सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सोनी ने कहा कि यह प्याऊ मरीजों और उनके परिजनों के लिए बेहद लाभदायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि दोनों संस्थाओं द्वारा नर सेवा की भावना से किया जा रहा यह कार्य अत्यंत पुण्यदाई है। डॉ. सैनी ने इससे दूसरों को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भामाशाहों और दानदाताओं का सहयोग पीबीएम अस्पताल के लिए हमेशा उपयोगी साबित हुआ है। सेवा भाव बीकानेर के कण-कण में है। फाउंडेशन के सुनील चमड़िया ने बताया कि ठंडे पर जल की सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। वर्तमान में यहां सौ मटकियां रखी गई हैं। आवश्यकता के अनुसार इन्हें और बढ़ाया जाएगा। मारवाड़ जन सेवा समिति के अध्यक्ष रमेश व्यास ने बताया कि संस्था द्वारा मरीजों के लिए पंखों की निशुल्क व्यवस्था भी की गई है। यह पंखे 1 अप्रैल से आवश्यकता के अनुसार उपलब्ध करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा 25 वर्षों से अस्पताल परिसर में विभिन्न सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इस दौरान ट्रॉमा सेंटर के सीएमओ डॉ. एलके कपिल, सहायक निदेशक (जनसंपर्क) हरि शंकर आचार्य, डॉ. रतीराम मीणा, चंदन ठाकुर, ओम चौधरी, महेंद्र चांवरिया, कालू पांडे, हरिकिशन सिंह राजपुरोहित, पवन पुरोहित लालचंद पटीर आदि मौजूद रहे।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने किये लोकसभा प्रभारी नियुक्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के माननीय प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी जी के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव-2024 हेतु भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मेघवाल द्वारा अनुसूचित जाति मोर्चा के लोकसभा प्रभारी व सह-प्रभारियों की नियुक्ति की गई। जोधपुर में ललित लकवाल, टोंक-सवाईमाधोपुर में लालाराम बैरवा विधायक, चूरू में बी.एल. नवल, उदयपुर में भजनलाल रोलन, जयपुर में रामकिशन वर्मा, जयपुर ग्रामीण में मुकेश किराड, सीकर में राकेश बीदावत को लोकसभा प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस प्रकार एससी मोर्चा के द्वारा सभी 25 लोकसभा सीटों पर लोकसभा प्रभारी व सह-प्रभारियों की नियुक्ति की गई। सभी प्रभारी व सह-प्रभारी मिलकर मोर्चा द्वारा निर्धारित विधानसभा सम्मेलन, डा. अम्बेडकर जयन्ती व हर घर सम्पर्क अभियान के तहत सभी अनुसूचित जाति के मतदाताओं से सम्पर्क कर अधिकाधिक भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करवाकर राजस्थान की सभी 25 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने में अहम भूमिका निभायेगे। इसके साथ ही भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मेघवाल द्वारा लोकसभा चुनाव हेतु मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों का कार्य विभाजन किया गया। प्रचार अभियान व प्रवास कार्यक्रम हेतु प्रदेश महामंत्री मुकेश गर्ग व मुकेश किराड, संगठन संरचना एवं चुनाव संबंधी नियुक्तियां हेतु प्रदेश उपाध्यक्ष ललित लकवाल व सहकोषाध्यक्ष राकेश बीदावत, सामाजिक सम्पर्क अभियान हेतु प्रदेश उपाध्यक्ष भजनलाल रोलन व बी.एल.नवल, सोशल मीडिया व आईटी प्रबंधन हेतु संजय चंदेल व पूजन अटल, मीडिया प्रबंधन हेतु जगदीश राजवंशी तथा प्रचार सामग्री वितरण हेतु रामावतार कुलदीप को नियुक्त किया गया।

## युवा नेता अशोक गोदारा ने थामा भाजपा का दामन, ग्रहण कराई सदस्यता

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्र प्रथम की नीति और उनकी नीतियों से प्रभावित होकर युवा नेता अशोक गोदारा ने आज होटल ललित में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और भाजपा की राष्ट्रीय सचिव प्रदेश सह-प्रभारी विजय राहटकर ने भाजपा का दुपट्टा पहनाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि युवाओं के व्यक्तित्व एवं नेतृत्व गुणों को विकसित करने और उन्हें राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में शामिल करने के उद्देश्य से भाजपा संगठन ने युवाओं को विशेष रूप से संगठन में जोड़ा है तथा उपयुक्त नेतृत्व दिया है। प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि युवा ही राष्ट्र का संरचनात्मक और कार्यात्मक ढांचा है। प्रत्येक राष्ट्र की तरक्की का आधार उसकी युवा पीढ़ी होती है, युवाओं की उपलब्धियों से ही राष्ट्र का विकास होता है। राष्ट्र का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है।

## आमजन से मिले विधायक, भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील



जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निसं.)।** बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने शनिवार को वार्ड 17 और 18 में आमजन से मुलाकात की। विधायक ने आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में देश विकास के पथ पर आगे बढ़ा है। प्रदेश की जनता ने राजस्थान में भाजपा को बहुमत दिलाया है। अब डबल इंजन की सरकार प्रदेष में विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि एक बार फिर भाजपा को प्रचंड बहुमत के साथ जिताएं, जिससे विकास का यह क्रम बरकरार रह सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का सूरज अस्त हो रहा है। कांग्रेस के प्रत्याशी मैदान छोड़कर भाग रहे हैं। जबकि भाजपा और मोदी ने देश की जनता के साथ किया प्रत्येक वादा निभाया है। इससे जनता में भाजपा के प्रति विश्वास और अधिक प्रगाढ़ हुआ है। उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में कमल के निशान के आगे बटन दबाकर भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाएं। इस दौरान जितेन्द्र राजवी , कौशल शर्मा , कपिल शर्मा, जितेंद्र गहलोत, टेकचन्द गहलोत, मगाराम कस्वां , मनीष श्रीमाली, अतुल गहलोत , शिव गहलोत, राजेन्द्र शर्मा और टेकचंद यादव आदि मौजूद रहे।

# चेजा पत्थरों से भरी 6 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, दत्तवास पुलिस ने की 8 कार्यवाही, 4 को गिरफ्तार किया

जयपुर टाइम्स



**टोंक(निसं.)।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक कराने के लिए पुलिस ने पिछले 24 घंटे में आठ कार्यवाही की है। इसमें सबसे बड़ी कार्यवाही चेजा पत्थर से भरी छह ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त करना है। इन जब्त पत्थरों और छह ट्रैक्टर- ट्रॉली की कीमत करीब तीस लाख रुपये है। दतवास थाना प्रभारी हेमंत जनागल ने बताया कि लोकसभा चुनावों को लेकर पुलिस मुख्यालय जयपुर व आईजी रेंज अजमेर द्वारा अवैध क्रियाकलापों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत एसपी संजीव नैन के निर्देशन व टोंक ASP सरिता सिंह, निवाई डीएसपी मृत्युंजय मिश्रा सुपरविजन में मेरे (दतवास थानाधिकारी) द्वारा गठित अलग-अलग टीमों ने 24 घंटों में आठ कार्यवाही की है। इसमें रविवार सुबह 10.20 बजे एन.एच. 11ए जगसरा मोड के पास अवैध रूप से चेजा पत्थर से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर एक चालक रामकेश मीणा पुत्र कन्हैयालाल मीणा निवासी शिवसिंहपुरा पुलिस थाना झांपदा जिला दौसा को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इसी प्रकार दूसरी कार्यवाही 11.30 बजे एन. एच. 11ए हिंगोनिया मोड के पास की है। यहां अवैध रूप से चेजा पत्थर से भरी चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने इस मामले में ट्रैक्टर- ट्रॉली मालिकों, चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा तीन मामले ध्वनि प्रदूषण को लेकर दर्ज किए हैं। शेष मामले अवैध शराब के हैं। इन सभी मामलों में चार जनों को गिरफ्तार किया है।

# डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़ अध्यक्ष और योगेन्द्र पंचौली महासचिव निर्वाचित

### पिंकसिटी प्रेस क्लब प्रबन्ध कार्यकारिणी के वार्षिक चुनाव के नतीजे घोषित



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पिंकसिटी प्रेस क्लब प्रबन्ध कार्यकारिणी 2024-25 के लिए डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़ "बिल्लू बन्ना" अध्यक्ष और योगेन्द्र शर्मा पंचौली महासचिव निर्वाचित हुए है।
मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल.एल.शर्मा ने बताया कि अध्यक्ष पद पर डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़ को 244, अभय जोशी को 230, राधारमण शर्मा को 214, रूपेश कुमार टिंकर को 133, भागीरथ को 81 और बबीता शर्मा को 20 मत मिले है। महासचिव पद पर योगेन्द्र शर्मा पंचौली को 274, राहुल शर्मा "गौतम" को 252, मुकेश चौधरी को 195, रामेन्द्र सोलंकी को 184 मत मिले है। उपाध्यक्ष के दो पदों पर विमल सिंह तंवर और राहुल भारद्वाज निर्वाचित घोषित किए गए है। इस पद पर तंवर को 373 और भारद्वाज को 285 मत मिले है। परमेश्वर प्रसाद शर्मा को 282, दिनेश कुमार सैनी 239 और निखलेश शर्मा 238 मत मिले है। उन्होनें बताया कि कोषाध्यक्ष पद पर गिरिराज प्रसाद गुर्जर 349 मत प्राप्त कर सफलता हासिल की है। इस पद पर अनिल त्रिवेदी को 334 और डी सी जैन को 219 मत मिले है।
निर्वाचन अधिकारी सुरेश योगी ने बताया कि कार्यकारिणी के दस पदों पर डॉ.मोनिका शर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह राजावत, अनिता शर्मा, ओमवीर भार्गव, सत्य पारीक, सिद्धार्थ उपाध्याय, नमोनारायण अवस्थी, संजय गौतम पण्डितजी, शालिनी श्रीवास्तव और उमंग माथुर निर्वाचित घोषित किए गए है।

## राजस्थान सरकार के ऑटो म्यूटेशन आदेश को ठेंगा दिखाते हुए- क्या भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने हेतु उपशासन सचिव ने आदेश किया जारी?

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान सरकार द्वारा ऑटो म्यूटेशन कि प्रकिया चालू किये कुछ ही महीने हुए थे जिससे आम जनता को अत्यधिक फायदा मिल रहा था और भ्रष्टाचार भी नहीं हो रहा था। आपको बता दें कि बेचान, के दस्तावेज में व खाते कि रजिस्ट्री फाइनल होते ही, म्यूटेशन दर्ज हो रहा था, किसी रजिस्ट्री में स्वत ही नामांतरण (ऑटो म्यूटेशन) गलत दर्ज या खामियां हो रही थी। तो तहसीलदार 90 दिवस कि अवधि में शुद्धि पत्र भरकर उसका निस्तारण भी कर रहे थे। ऐसा काम समुचित तहसील कार्यालयो में हो रहे थे। जिससे आम जन मानस को फायदा मिल रहा था, दिनांक 27/3/2024 को उपशासन सचिव द्वारा एक परिपत्र जारी कर। भ्रष्टाचार को खुला निमंत्रण दिया है। परिपत्र के अनुसार स्वत नामांतरण (ऑटो म्यूटेशन) कि प्रकिया को लंम्बी अवधि में डालकर आम जनता के साथ अन्याय व भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने सम्बन्धी प्रकिया को लागू कर दिया है। इस आदेश में संशोधन कर शुद्धी पत्र भरने हेतु संबंधित आदेश को तहसीलदार को जारी किया जाना चाहिए। ताकि पिछली प्रकिया भी स्वत नामांतरण (ऑटो म्यूटेशन) जो एक दिन में हो रहा था वह चालू रहे,व किसी स्वत नामांतरण (ऑटो म्यूटेशन) में गलती/खामियां रही है तो तहसीलदार /पटवारी से दर्ज करवाकर स्वत म्यूटेशन को सही कर सके, लेकिन लम्बी अवधि में भ्रष्टाचार को बढ़ावा शत-प्रतिशत मिलेगा यह सुनिश्चित है। पटवारी/पंचायत/ तहसीलदार/ चैक नहीं करेंगे तो फिर क्या होगा। स्वत अग्रेषित होगा, फिर उसमें त्रुटि रही तो कौन जिम्मेदार होगा?, यानि जनता का काम अटका रहे और रिश्वत के रास्ते खुले, इस आदेश से साफ जाहिर होता है कि उप शासन सचिव कि जो भी मंशा रही मगर उप शासन सचिव ने उस आदेश में बदलाव कर क्या सही किया ये तो भविष्य के गर्त में छिपा हुआ है । इससे तो यही अच्छा था जो एक दिन में स्वत ऑटो म्यूटेशन हो रहा था। जनता लाभान्वित हो रही थी। इसलिए राजस्थान सरकार शुद्धि पत्र को भरने हेतु आदेश तहसीलदार को जारी किया जाना चाहिए। अब देखना यह है कि इस खबर पर राजस्थान सरकार किस प्रकार एक्शन मोड में काम करती है?

## मतदाता जागरूकता अभियान: सोमवार को औद्योगिक इकाइयों, प्रतिष्ठानों और कारखानों में होगी शपथ

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निसं.)।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर सोमवार को जिले के समस्त औद्योगिक क्षेत्रों, इकाइयों, प्रतिष्ठानों और कारखानों में मतदाता जागरूकता शपथ और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वीप प्रभारी और जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों की अनुपालना में स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस श्रंखला में जिला उद्योग केंद्र कार्यालय के समन्वय से सोमवार को सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों, कारखानों, इकाइयों में शपथ सहित जिला स्तरीय बैठक होगी। इस दौरान बैनर एवं पोस्टर तैयार करवा मार्केट एरिया में लगवाए जाएंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम मोदी डेयरी में होगा। जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक मंजू नैन गोदारा ने रविवार को इसकी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक स्थानों पर यह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी श्रंखला में कमांडिंग ऑफिसर्स स्काउट गाइड द्वारा 2 अप्रैल को पैदल मार्च, रंगोली व जनसंपर्क गतिविधियां, पशुपालन विभाग द्वारा 3 अप्रैल को समस्त पशु स्वास्थ्य केंद्रों में शपथ, पोस्टर चस्पा व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वीप प्रभारी ने बताया कि लीड बैंक, पोस्ट ऑफिस, भारतीय जीवन बीमा निगम और नाबार्ड की समस्त शाखाओं में 4 अप्रैल को शपथ व पोस्टर बैनर आदि लगवाए जाएंगे। श्रम एवं नियोजन विभाग द्वारा 5 अप्रैल को युवा संवाद कार्यक्रम एवं श्रमिक जागरूक संवाद, जिला रसद कार्यालय 8 अप्रैल को समस्त उचित मूल्य दुकानों में पोस्टर लगाने एवं शपथ ग्रहण, कृषि विभाग कार्यालय द्वारा 9 अप्रैल को कृषि चौपाल, गांव में कृषक संवाद सहित जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक मामलात विभाग द्वारा 12 अप्रैल को अल्पसंख्यक छात्रावासों में शपथ ग्रहण व जनसंवाद कार्यक्रम, नगर निगम एवं नगर विकास न्यास कार्यालय में 13 अप्रैल को सफाई कार्मिकों सहित समस्त कर्मचारियों की पैदल मार्च एवं सामूहिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम तथा पर्यटन विभाग द्वारा 15 अप्रैल को सांस्कृतिक संध्या 'एक शाम लोकतंत्र के नाम' का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सी-विजिल, वीएचए, सक्षम, केवाईसी सहित अन्य ऐप्स की जानकारी दी जाएगी। साथ ही टोल फ्री नंबर 1950 व ई-शपथ आदि के बारे में भी बताया जाएगा।

## इलाज के बहाने युवक का अपहरण, 10 लाख मांगे



जयपुर टाइम्स

**खैरथल(निसं.)।** किशनगढ़बास में इलाज करने के बहाने युवक का अपहरण कर 10 लाख रुपए की फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। खैरथल-तिजारा जिले के किशनगढ़बास थाना क्षेत्र के गांव बीदरका निवासी सन्ना (30) पत्नी आसू मेव ने थाने में मामला दर्ज कराया है। थाना एसएचओ जितेंद्र सिंह ने बताया कि पत्नी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उसके पति आसू के पास गांव बिदरका में 29 मार्च शाम को 4 बजे पप्पू निवासी दोगडा षडयंत्र रचकर आया और उसके पति आसू से कहा कि तेरा इलाज अलवर में अच्छे डाक्टर से करा दूंगा। वह आसू को बहला फुसला कर इलाज के बहाने से अलवर ले गया। जहां से अलवर जाते समय गांव खानपुर मेवान के पास 3-4 बाइक वाले और मिल गए। पीड़िता ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि आरोपियों ने उसके पति को धमकाते हुए मारपीट कर 50 हजार रुपए व 3 हजार रुपए निकाल लिए। इसके बाद आरोपियों ने उसके पति को बंधक बना लिया।
पीड़िता ने बताया कि आरोपियों ने उसके पति के मोबाइल से ही उसकी बात कराई। जिस पर उसने आरोपियों की पहचान करते हुए हारूनी, फरीदा, पप्पू और 5-7 लोगों का होना बताया। इस दौरान आरोपियों ने उसे 10 लाख रुपए लेकर आने को कहा। नहीं देने पर उसके पति को मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। इसके बाद उसी रात को वह कमरू, महमूद और इलियास के साथ वहां गई , लेकिन उसका पति आसू नहीं मिला। पीड़ित ने बताया कि वह एक लाख रुपए की व्यवस्था करके पति को छुड़ाने गई थी। इसके बाद उसने आरोपियों को सैथली गांव में पोखर के पास सुनसान जगह पर दे दिए।इसके बाद आरोपी उसके पति को घायलावस्था में किशनगढबास के हाइवे पर स्टार हेल्थ केयर अस्पताल के पास पटक कर भाग गए। उसके पति आसू के शरीर पर चाकू, लाठी, सरिये की गम्भीर चोटे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जिला प्रगतिशील कुम्हार समिति का होली स्नेह मिलन समारोह मनाया



जयपुर टाइम्स

**श्रीगंगानगर(निसं.)।** चहल चौक स्थित जिला प्रगतिशील कुम्हार धर्मशाला में होली स्नेह मिलन समारोह मनाया गया। इस अवसर पर समाज के अनेक लोगों ने भाग लिया। कुम्हार धर्मशाला में होली स्नेह मिलन कार्यक्रम में जिले भर के कुम्हार समाज के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर समाज बंधुओं ने एक-दूसरे को गले-मिलकर होली की शुभकामनाएं दी और समाज को आगे बढ़ाने और एकजुटता पर बल दिया। कार्यक्रम में जिला प्रगतिशील कुम्हार समिति के जिलाध्यक्ष महेन्द्र बागड़ी ने कहा कि हम मूल ओबीसी के लोग हैं और हमें साथ रहकर हमारे समाज को आगे ले जाने के लिए लड़ाई लडनी चाहिए। हमें अपने-अपने इलाके में पार्षद, उपसरपंच, सरपंच, डायरेक्टर के चुनावों में समाज के प्रतिनिधि को जिताना जरूरी है। अगर हम हमारे पार्षद व सरपंचों को जितवायेंगे तो हमें विधायक बनाने से कोई नहीं रोक सकता। बागड़ी ने कहा कि शीघ्र ही धर्मशाला में सोलर प्लाट लगाया जा रहा है इसके साथ गत दिनों धर्मशाला का पट्टा भी बनावा गया है। भीमराज ढुढांडा, रामरतन घोड़ेला, पवन नंदीवाल, पवन नोखवाल ने अपने विचार रखें। अनूपगढ़ के हेतराम सिंगाठिया ने कहा कि हमारे समाज जैसी एकता कहीं नहीं है, हमें जंग लडनी है। हमारी कौम व्यवहारशील व मेहनत करके खाने वाली कौम है। सुखदेव खटोड़ ने कहा कि हमारे अंदर लीडरशीप नहीं है। हमें हमारे लीडर की सप्रोट करनी चाहिए। लीडर की प्रशांसा करनी चाहिए। राजनीति के साथ-साथ शिक्षा जरूरी है। हमें शिक्षा पर जोर देना चाहिए। इस अवसर पर रामरतन घाड़ेला, पवन नंदीवाल, पूर्णराम घोड़ेला, सुखदेव खटोड़, हेतराम सिंगाठिया, सोहनलाल सोखल, पवन नोखवाल, इन्द्रराज जलंधरा, भीमराज ढुंढाडा, दीपक ढुंढ़ाडा, रवि जलंधरा सहित अनेक समाज बंधु उपस्थित थे। मंच संचालन रामरतन घोड़ेला ने किया।

## नाकाबंदी के दौरान 3 लाख 44 हजार बरामद



जयपुर टाइम्स

**राजसमंद(निसं.)।** राजसमंद में देलवाडा पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक बस में सवार संदिग्ध युवक से 3 लाख 44 हजार 500 रूपए बरामद किए। देलवाडा पुलिस थाना इंचार्ज कमलेन्द्र सिंह सहित पुलिस जाब्ते ने मजेरा टोलनाके पर नाकाबंदी के दौरान एक ट्रावेल्स बस को रुकवा कर तलाशी ली एवं यात्रियों को सामान के बारे में पूछा। एक युवक से भी कपड़े के थैले के बारे में पूछा जिस पर वह घबरा गया और जवाब नहीं दे पाया। पुलिस ने सख्ती से पूछा तो युवक ने थैले में रूपए होना बताया, लेकिन युवक यह नहीं बता पाया कि रूपए कहां से लाया और किसको देने हैं। जिसके बाद पुलिस ने रूपए जब्त कर भीम कलाल (30) पुत्र जेडु कलाल निवासी सौपरी थाना देवगढ को डिटेन किया। पुलिस के अनुसार कपड़े के थैले में कुल 3 लाख 44 हजार 500 रूपए बरामद किए। पुलिस ने रुपयों के सम्बन्ध में उपखण्ड अधिकारी नाथद्वारा को सूचित किया। इस दौरान एफएसटी इन्चार्ज शंकर शर्मा सहित देलवाडा पुलिस थाना इंचार्ज कमलेन्द्र सिंह, हैड कॉन्स्टेबल संदीप, शंभु लाल, कॉन्स्टेबल लीलाधर, हेमराज, रतन लाल, सोहन लाल, नवीन कुमार, नानालाल, राजेन्द्र, अशोक शामिल थे।

## अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही



जयपुर टाइम्स

**दौसा(निसं.)।** दौसा की कोतवाली थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने 2 लाख रुपए से ज्यादा कीमत की स्मैक बरामद की है। कोतवाली थाना इंचार्ज हीरालाल सैनी ने बताया- मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर रोडवेज बस डिपो के पास अवैध मादक पदार्थ सप्लाई करने की फिराक में खड़े एक जने की तलाशी ली गई तो उसके पास से 10.60 ग्राम स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी रामकरण शर्मा निवासी पीजी कॉलेज के पीछे का रहने वाला है। कोतवाली थाने के एएसआई मिश्रीलाल, कांस्टेबल नागपाल, भूपेंद्र, मीठालाल, शिवचरण व गोपाल लाल की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बरामद की गई स्मैक करीब 2 लाख 12 हजार कीमत की है। ऐसे में वह अवैध मादक पदार्थ कहां से लेकर आया और आगे किसे सप्लाई करने वाला था, पुलिस इसकी जांच में जुटी है।

## युवती का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, 2 माह से फरार था, रवाजंना डूंगर पुलिस ने पकड़ा

जयपुर टाइम्स



**सवाई माधोपुर(निसं.)।** सवाई माधोपुर की रवाजंना डूंगर पुलिस ने एक युवती का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी रामकेश पुत्र पूरणमल गुर्जर निवासी कैलाशपुरी को गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपी पिछले दो माह से फरार था। रवाजंना डूंगर थानाधिकारी यदुवीर सिंह ने बताया कि किशोरी के चाचा ने 5 परवरी को रवांजना डूंगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें उसने बताया कि उसकी भतीजी को रामकेश पुत्र पूरणमल गुर्जर निवासी कैलाशपुरी ने उसके एक अन्य साथी के साथ अपहरण कर लिया। दोनों आरोपियों ने उसकी भतीजी का अपहरण कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। दुष्कर्म का मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच की। जिसमें आरोपी रामकेश गुर्जर के खिलाफ जुर्म प्रमाणित पाया गया। जिस पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए ममता गुप्ता के निर्देशन, विजय सिंह मीणा, ष्टह्र ग्रामीण घनश्याम वर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने मुखबीर की सूचना पर आरोपी रामकेश गुर्जर को कस्बा फलौदी टोडरा से डिटेन किया। पुलिस ने आरोपी रामकेश गुर्जर को पूछताछ करने के बाद गिरफ्तार किया है।

# चुनावी तैयारियों को लेकर लोकसभा प्रत्याशी संगीता बेनीवाल ने ली ब्लॉक की बैठक

## 2 अप्रेल को चुनावी आवेदन जमा करवाने के लिए पाली आने का दिया निमंत्रण

## ब्लॉक के कार्यकर्त्ताओं ने बेनीवाल का किया बहुमान

जयपुर टाइम्स





**सुमेरपुर(निसं.)।** लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर रविवार को सांडेराव स्थित एक निजी होटल में सुमेरपुर ब्लॉक अध्यक्ष नेहपालसिंह जोधा की अध्यक्षता में लोकसभा प्रत्याशी संगीता बेनीवाल एवं पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़ ने ब्लॉक ली। बैठक में लोकसभा प्रत्याशी संगीता बेनीवाल ने कांग्रेस से 2 अप्रेल को पाली निर्वाचन अधिकारी के समक्ष आवेदन जमा करवाने के लिए पाली आने का न्यौता दिया है। बैठक में लोकसभा प्रत्याशी संगीता बेनीवाल ने कहा कि मुझे सुमेरपुर के निवासियों ने जो चुंदड़ी ओढ़ाकर बहन बनाई है। अब भाइ?यों का दायित्व है कि वे प्रत्येक गांव गांव तक प्रसार में नहीं पहुंचने पर स्वयं कंधा लगाकर वोट दिलवाए। बैठक में पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़ ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने सुमेरपुर क्षेत्र में खूब कार्य करवाए है। इन कार्यों को आमजन तक अवगत करवाना होगा। बैठक में जिला परिषद सदस्य एवं विधानसभा प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा ने कहा कि कांग्रेस में कूछ कार्यकर्त्ता भाजपा का मुखौटा पहन रखा है। ऐसे में वे अपनी गतिविधियों से बाज आए। बैठक में प्रदेश महासचिव भूराराम सीरवी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने ही राम मंदिर को खुलवाया है। लेकिन, भाजपा इस मंदिर को काफी भुनाने में तुला हुआ है। बैठक में एसबीसी के प्रदेशाध्यक्ष पेमाराम देवासी, कांग्रेसी नेता भंवरसिंह चौधरी, पूर्व अध्यक्ष ललकारसिंह, सुमेरपुर सरपंच संघ के अध्यक्ष सुमेरसिंह, पूर्व अध्यक्ष करणसिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने संबोधित किया। बैठक के दौरान कार्यकर्त्ताओं ने लोकसभा प्रत्याशी संगीता बेनीवाल का साफा एवं माला से स्वागत किया। इस मौके पर तखतगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष फुटरमल सुधार, सुमेरपुर उप प्रधान गजेन्द्रसिंह, पूर्व उपाध्यक्ष खीमाराम खारवाल, हिम्मतसिंह चांचैड़ी, सेवादल के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष शंकरलाल माली, नेता प्रतिपक्ष चतराराम मेघवाल, पूर्व पार्षद सुभाष मेवाड़ा, बलाना सरपंच शंभूराम मीणा, नेतरा सरपंच छगनलाल मेघवाल, महेश परिहार, इंटेक ब्लॉक अध्यक्ष मूलांसिंह, युकां ब्लॉक अध्यक्ष तलति परिहार, पंचायत समिति सदस्य फूलाराम देवासी, पार्षद सूरज वाल्मीकि, सहवृत सदस्य अमृत दादलावत, शैतान मेघवाल आदि मौजूद रहे।

## देश के भविष्य का चुनाव है: ओला



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** कांग्रेस प्रत्याशी बृजेन्द्र ओला ने आगामी लोकसभा चुनाव को देश के सामने बड़ी चुनौती करार देते हुए रविवार को कहा कि यह देश के भविष्य का चुनाव है। ओला रविवार को मण्डावा क्षेत्र के अलसीसर पंचायत समिति क्षेत्र के करीब दो दर्जन ग्राम पंचायतों में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। मण्डावा विधायक रीटा चौधरी ने आगामी लोकसभा चुनाव की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह चुनाव देश के सामने बड़ी चुनौती है। यह चुनाव खाली बृजेन्द्र ओला का नहीं हो रहा है, यह चुनाव देश के भविष्य का हो रहा है। यह चुनाव लोकतन्त्र के भविष्य का हो रहा है। यह चुनाव संविधान को बचाने का हो रहा है। रीटा चौधरी ने जनता को माई बाप बताते हुए ओला को भारी मतों से जिताने की अपील भी की है।

## मतदान जागरूकता रैली निकाली




जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निसं.)।** कस्बे में मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान जयपुर की ओर से दिए गए निर्देशों की पालना में लोकसभा आम चुनाव 2024 के अंतर्गत विधान सभा क्षेत्र उदयपुरवाटी में अधिक से अधिक मतदान करने व मतदान बढ़ाने के लिए स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत नगरपालिका उदयपुरवाटी की ओर से मतदान जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारम्भ जमात स्थित सरकारी विद्यालय से शुरू किया जाकर रैली शहर के मुख्य मार्गों से होते हुये पांच बत्ती स्थित पालिका कार्यालय पहुंची। रैली में लोगों को मतदान करने के लिए जागरुक किया गया। रैली में पालिका कार्यवाहक सफाई निरीक्षक अमित कुमार चांवरिया, देवीलाल ,पंकज, मुकेश, कुलदीप, महेन्द्र सैनी, विजय, महेन्द्र राव, मन्जु देवी, निलम देवी तथा अन्य पालिका कार्मिक उपस्थित रहे।

## एमकेएम स्कूल में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाइम्स

**खेतड़ी(निसं.)।** कस्बे की एम के एम पब्लिक स्कूल में रविवार को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिमसें मुख्य अतिथि विनोदरानी मेहरड़ा रही अध्यक्षा खेतडी विकास समिति रही। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ तेजस मेहरड़ा सदस्य खेतड़ी विकास समिति खेतडी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ मोहित सक्सेना संस्था प्रधान एम के एम पब्लिक स्कूल ने की। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि विनोदरानी मेहरड़ा ने मॉ सरस्वती की फोटो पर दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को आरती मेहरड़ा, प्रो.डॉ बी कृष्ण मूर्ति प्राचार्य संजीवनी कॉलेज फार्मेसी राजोता, डॉ सुरेंद्र बेरबा प्राचार्य एम के एम महिला महाविद्यालय खेतडी, डॉ सुनील सैनी प्राचार्य एम के एम बी एड कॉलेज राजोता, डॉ सन्तोष सैनी प्राचार्य विनोदिनी पी जी कॉलेज राजोता ने सम्बोधित किया। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए गए व कार्यकम में सर्व सामूहिक विवाह सम्मेलन व छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवशर पर प्राचार्य रणवीर सिंह, सौरव सेन, मुकेश सैनी, मनोज सैनी, इंद्राज सैनी, मनीषा कुमावत, देशराज खन्ना, सोभा कुमारी, पूजा सैनी, मंजू कुमारी, कमलेश दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

## विवेकानंद स्कूल में परीक्षा परिणाम दिवस मनाया



जयपुर टाइम्स

**खेतड़ी(निसं.)।** विवेकानंद पब्लिक स्कूल राजोता खेतड़ी में परीक्षा परिणाम दिवस संस्थान निदेशक अशोक सिंह शेखावत के मुख्य आतिथ्य व प्राचार्य अजय सिंह शेखावत की अध्यक्षता तथा विजया शेखावत चेयरपर्सन के विशिष्ट आतिथ्य में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस पावन अवसर पर कक्षा नर्सरी से लेकर 11वीं तक के विद्यार्थी जिन्होंने कक्षा में प्रथम दूसरा तीसरा स्थान प्राप्त करने पर प्रमाण पत्र तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस पावन अवसर पर संस्था निदेशक अशोक सिंह शेखावत ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्था प्रधान संस्था प्राचार्य अजय सिंह शेखावत ने सभी छात्रों को बधाई प्रेषित की। तथा विजया शेखावत ने जो बच्चे प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर नहीं आए हैं उनको भी यह कहा कि आगे मेहनत करें जिससे कि आप भी प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आ सके। इस अवसर पर प्रमोद कुमावत, दिनेश सोनगरा, पियूष सुरोलिया नालपुरिया सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## परिंडे लगाकर पक्षी मित्र अभियान का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निसं.)।** अलखियाँ धुने पर संचालित कामधेनु निराश्रित गौसेवा समिति की ओर से भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए रविवार को पक्षियों के लिए दर्जन भर परिंडे लगाकर पक्षी मित्र अभियान का आरम्भ किया गया। समिति के मीडिया प्रभारी जयप्रकाश सोनी ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका के चेयरमैन नरेश सोनी व पूर्व चैयरमेन सज्जन लाल मिश्रा रहे। वही विशेष अतिथि मुक्ति धाम सेवा समिति के अध्यक्ष किशोरी लाल सैनी रहे। अतिथियों ने परिण्डे में पानी डालकर इस कार्य का शुभारंभ किया। नरेश सोनी ने कहा कि ऐसे अच्छे कार्य समाज को नई प्रेरणा प्रदान करते हैं। इस भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी नही मिल पाने के कारण उनकी दर्दनाक मौत हो जाती है। इसलिए हम सभी को अपने घर, दीवार, बालकनी, पेड़ो आदि पर पानी के बर्तन रखने चाहिए। सज्जन लाल मिश्रा ने कहा कि गर्मी के मौसम में पानी रखना हिन्दू धर्म में बहुत महत्व की बात मानी गई हैं। इस लिए सभी को इस से प्रेरणा लेनी चाहिए। किशोरी लाल सैनी ने इस कार्य की सराहना करते हुए सभी का आभार प्रकट किया कि ऐसे कार्य समाज के लिए एक नई पहल है। सभी लोगो को ऐसे पुनीत कार्य में सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर महंत नरेंद्र सुरोलिया, बाबूलाल नाई, विनोद चोपदार, राकेश स्वामी, पंकज शर्मा, किशोर चौहान, प्रकाश स्वामी, हैप्पी सैनी, साहिल सैनी, जतिन, नवरत्न सोनी,सज्जन दीनवा वाले सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। समिति अध्यक्ष रविन्द्र शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## शिव मंदिर में वाटर कूलर का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**खेतड़ी(निसं.)।** मुख्य बाजार के शिव मंदिर में लगे वाटर कूलर का शुभारंभ हुआ। खेतड़ी कस्बे के मैन बाजार में गोटाधर स्थित शिव मंदिर में नए लगे ठंडे पानी के वाटर कूलर का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हनुमान प्रसाद मित्तल एवं अशोक झोझु ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वाटर कूलर के शुभारंभ के बाद भगवान भोलेनाथ के भोग लगे लड्डुओ के प्रसाद को उपस्थित सभी भक्तों में वितरित किया गया। इस अवसर पर कस्बे के विशंभर लाल शर्मा, मनोज नालपुरिया, प्रेम सैनी राजोरिया, जयप्रकाश शर्मा, गोपी, जुगल शर्मा, महेश मित्तल, अरविंद सिंह निर्वाण, व्यावसायी प्रदीप शर्मा, कुंदन मोहनाणी, मदनलाल कुमावत, नीलम नायक, सत्यनारायण कुमावत एवं संजय नालपुरिया सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## हथियार सप्लाई करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**खेतड़ी(निसं.)।** क्षेत्र के खेतड़ीनगर पुलिस ने देर शाम को नाबालिग लड़कों को हथियार सप्लाई करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफतार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी श्रीगंगानगर क्षेत्र के रहने वाले हैं, जिन्होंने हार्डकोर बदमाश के कहने पर क्षेत्र में वारदात करवाने के लिए हथियार सप्लाई किए थे। खेतड़ीनगर एसएचओ विजय कुमार ने बताया कि एक माह पहले मेहाड़ा थाना क्षेत्र के नांगलिया गांव के भैरू मंदिर के पास हथियार लेकर वारदात करने के फिराक में दो युवकों के घूमने की सूचना मिलने पर जिला स्पेशल टीम व मेहाड़ा पुलिस की ओर से दबिश दी गई थी। इस दौरान पुलिस की टीमों ने भैरू मंदिर के पास से दो नाबालिग युवकों को निरुद्ध कर उनकी तलाशी लेने पर पांच देशी पिस्टल व मैगजीन पाई गई थी। जिस पर पुलिस की ओर से आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। इस दौरान पुलिस की जांच में निरुद्ध किए गए दोनों नाबालिग युवकों का बड़ी गैंग से सम्पर्क में होने की बात सामने आई थी। जिस पर पुलिस की गहनता से जांच करने पर हार्डकोर बदमाश नीमकाथाना निवासी कुलदीप उर्फ केडी का संबंध होने की जानकारी सामने आई थी। जिस पर पुलिस ने अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल से लाकर क्षेत्र में मिले हथियारों के बारे में गहनता से पूछताछ की गई। हथियार सप्लाई करने के मामले में पुलिस को अन्य आरोपियों की सूचना मिलने पर एसपी प्रवीण कुमार नायक ने एक विशेष टीम का गठन किया ओर गिरोह में शामिल बदमाशों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली हथियार सप्लाई करने के आरोपी अपने क्षेत्र में आए हुए है। जिस पर खेतड़ीनगर पुलिस ने श्रीगंगानगर डीएसटी की मदद से रावला मंडी अनूपगढ़ निवासी कार्तिक जाखड़ पुत्र राजेंद्र जाट व ढींगवाली राठान थाना चुनावड़ निवासी राजकरण उर्फ राजा बराड पुत्र सतनाम सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कार्तिक जाखड़ के खिलाफ चार तथा राजकरण के खिलाफ दो मामले दर्ज है। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी विजय कुमार चंदेल, एचसी राजेश कुमार, कांस्टेबल अमरचंद, नेमीचंद आदि शामिल रहे।

## बागोरा में शीतला माता का मेला आज

जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निसं.)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम बागोरा में स्थित शीतला माता मंदिर परिषर में सोमवार को लख्खी मेला भरेगा। मंदिर के पुजारी रामदेव कुमावत ने बताया कि मेले की पूर्व संध्या पर रविवार को विशाल जागरण का आयोजन हुआ। जिसमें कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी लख्खी मेला भरेगा। जिसमें आस-पास के गांवों से लाखों श्रद्धालु शीतला माता के ठण्डे पकवानों के भोग लगाकर धोक लगाएगें। ग्राम पंचायत बागोरा की सरपंच पुष्पा सैनी व ग्राम विकास अधिकारी विक्रम सिंह की ओर से मेले को लेकर विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाएं की गई है।

### डीडवाना-कुचामन पुलिस की वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु गठित विशेष टीम द्वारा लगातार कार्यवाही जारी

**डीडवाना(निसं.)।** कुचामन पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशन अनुसार अपराधियों कि धर पकड़ लगातार जारी है । आपको बता दें कि लोकसभा चुनाव-2024 के मध्यनजर वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु किया गया था विशेष टीम का गठन। टीम द्वारा 299 सीआरपीसी में 2 वारंटी, 4 स्थाई वारंटी को दस्तयाब कर संबंधित थाना को किया सुपुर्द। टीम द्वारा 299 सीआरपीसी में 4 व 9 स्थाई वारंटों सहित कुल 13 वारंटो का निस्तारण करवाया गया।

## रांकावत वैष्णव समाज में शोक की लहर

### समाज के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष,संरक्षक पेशवा का निधन

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निसं.)।** रांकावत वैष्णव समाज के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष,संरक्षक वाई पी पेशवा का कल हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया,निधन का समाचार सुनते ही वैष्णव समाज में शोक की लहर दौड़ गई। पेशवा जोधपुर निवासी समाज के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ भामाशाह रहे और कुशल व्यवसाई के रूप में जोधपुर सहित विदेश में भी आपका कारोबार चलाते रहे,वही अन्य स्वयसेवी संस्थाओं से जुड़े हुए थे।समाज के मीडिया प्रभारी विजय वैष्णव ने बताया की पेशवा समाज सेवा के रूप में शिक्षा पर जोर,संगठन,एकता,कुरीतिया आदि पर अपना ध्यान रखते हुए मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। जो रांकावत समाज के लिए एक मिशाल थी।इनके निधन से रांकावत समाज को अपूरणीय क्षति के साथ एक अनमोल हीरा खो दिया,जिनकी भरपाई असंभव है।इनके निधन पर समाज के वरिष्ठ जन बाबू लाल शर्मा,सुरेंद्र स्वामी,मुकेश व्यास,राजेंद्र गोयल,बाबू लाल नानेचा,गोविंद मामडोली, मगा राम आहोर,किशन सुवटा, फूटर दास सादड़ी,राम दास बिरामी,अजय टांक,खीम दास उदेशा,शंकर दास सिरोही,ओम प्रकाश पूर्व डीटीओ,रमेश पूर्व डीटीओ,विष्णु दास मनावत,हस्ती मल सादड़ी,लीलाधर गोयल,श्याम गोयल,राम चंद्र गोयल,विजय वैष्णव पत्रकार,बाल किशन गोयल सहित सभी समाज बंधुओ,संस्थाओं के अध्यक्ष,पदाधिकारियों ने शोक प्रकट किया।

## मोदी के सक्षम नेतृत्व से विश्व में भारत का बढ़ा मान-सम्मान: चौधरी

जयपुर टाइम्स




**मण्डावा(निसं.)।** भाजपा प्रत्याशी शुभकरण चौधरी ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने भारत को दुनिया भर के देशों में वह मान सम्मान दिलाया है, जो देश के आजाद होने के बाद से 2014 तक नहीं मिला था। पीएम मोदी की नीतियों से भारत आज दुनियाभर के प्रगतिशील देशों में सबसे आगे है। वे यहां कस्बे के वार्ड न0 चार स्थित सर्राफ धर्मशाल में भाजपा चुनाव कार्यालय के उदघाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अच्छी नीतियों और सक्षम नेतृत्व के कारण ही देश आगे बढ़ता है। पीएम मोदी के नेतृत्व में आज भारत बहुत तेजी से सभी क्षेत्रों में विकास कर रहा है। निवर्तमान सांसद नरेन्द्र कुमार व अंगददेव सिंह मण्डावा आदि ने भी इस मौके पर भाजपा को अपना मत व समर्थन देने की अपील की। मंच संचालन संदीप शर्मा ने किया। कार्यकम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष इजी? प्यारेलाल दूकिया, पूर्व प्रधान क्रमशः सुशीला सीगड़ा, गिरधारीलाल खीचड़ विमला चौधरी, डॉ0 राजेश बाबल, संजय जांगिड़ व मोहनलाल सैनी आदि मंचासीन अतिथि रहे। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष राधेश्याम सैनी, पार्षद मो0 इब्राहिम, संदीप परिहार, दीपक खाण्डल, शीवचरण गाडोदिया, सुनील सैनी, संजय परिहार, सलामुदिदन रंगरेज, कैलाश पीपलवा, राजेन्द्र ठेकेदार, रामगोपाल भूरिया, अंकित शर्मा, मनोज सेन, मनोज हलवाई, बाबूलाल यादव, किशोर सिंह, सज्जन शर्मा, मदन ढ़ाका, हाजी एआर मौम, अयूब खत्री, अकरम नागौरी, पूर्व प्राचार्य भोलासिंह, नारायण कुमावत, ईश्वरलाल पापटान, सत्यनारायण इंदोरिया, बनवारीलाल सैनी सहित सैकडों भाजपाई मौजूद रहे।

## बी सेट परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में दिखा उत्साह



जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** कस्बे के भारतीय शिक्षण संस्थान समूह की ओर से रविवार को भी सेट परीक्षा 2024 का आयोजन किया गया। परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस परीक्षा में कक्षा 3 से 11 वीं तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कक्षा 11 कला वर्ग, विज्ञान वर्ग व कृषि विज्ञान वर्ग के विद्यार्थी भी शामिल हुए। परीक्षा के लिए कुल 6221 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया था। जिनमें से 5653 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के सफल आयोजन में भारतीय समूह के हिन्दी माध्यम, अग्रेंजी माध्यम, फार्मेसी कॉलेज, डिग्री कॉलेज व बी. एड़ कॉलेज के स्टाफ सदस्यों का विशेष योगदान रहा। परीक्षा के आयोजनकर्ता संस्थान समूह के निदेशक राधा किशन रणवां ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए स्टाफ का आभार जताया।

# लोकतंत्र में मतदाता है भाग्यविधाता: कस्वा

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(निसं.)।** चूरू लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल कस्वां ने सुजानगढ़ विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवो की चौपालों पर जाकर जनता को सम्बोधित किया और कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील की। इस दौरान राहुल कस्वां ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने जब प्रत्येक व्यक्ति को मतदान का अधिकार दिया, तब उन्होंने नहीं सोचा होगा कि देश में ऐसी भी ताकतें आएगी, जो जनता पर उम्मीदवार थोपेंगी। उन्होंने कहा कि मेरा क्षेत्र राजनीति है, हमारा पूरा परिवार बरसों से जनता की सेवा के साथ जुड़ा है। ऐसे में मात्र एक काकाजी के कहने से टिकट काटकर जिस प्रकार जनभावनाओं को दरकिनार किया गया, वो जनमत को सीधी चेतावनी है और जनता इसका जवाब कांग्रेस के पक्ष में मतदान करके देगी। उन्होंने कहा कि मैं यहां पर जनता की सड़क, पानी, बिजली, पुल, रेल सेवाओं को जोड़ने की बात कर रहा था और उधर काकाजी मेरी टिकट कटवाने का षड्यंत्र रच रहे थे। ऐसे लोगों को जनता जवाब देगी। सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि इस चुनावों में सबसे ज्यादा लीड सुजानगढ़ विधानसभा क्षेत्र से जनता देने जा रही है। रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा की जनता वक्त के साथ भाजपा के नेताओं को कड़ा जवाब देगी। इस अवसर पर पूर्व प्रधान गणेश ढाका, राधेश्याम अग्रवाल, लोडसर सरपंच कन्हैयालाल शर्मा, पूर्व उप प्रधान दीवान सिंह भानिसारिया, विद्याधर बेनीवाल, नरपत गोदारा, महेंद्र डूकिया, मनसुख गोदारा, रामेश्वर दुसाद बैरासर, युवा कांग्रेस के आनन्द पिलाणिया, कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया, किसान सभा के अध्यक्ष तेजपाल गोदारा, एडवोकेट बनवारीलाल बिजारणिया सहित क्षेत्र के कांग्रेस नेता मौजूद रहे। सांसद राहुल कस्वां ने अपनी टीम के साथ लोढ़सर, सारोठिया, जीली, कानूता, मूंधड़ा सहित करीब 15 गांवो का दौरान कर वोट मांगे।



## राजलदेसर में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)।** भय मुक्त व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए रविवार को कस्बे में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च थाना प्रभारी गीता रानी विश्नोई के नेतृत्व में लालभवन स्कूल के पास से शुरू हुआ जो मुख्य मार्गो से निकाला गया। बंडवा, बिनादेसर, भानुदा, बलरामपुरा, हामुसर, परसनेऊ, लाछड़सर में लोकसभा चुनाव के मध्यनजर रखते हुए बीएसएफ और पुलिस का संयुक्त फ्लैग मार्च निकाला गया। इस अवसर पर थानाधिकारी गीता रानी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मध्य नजर रखते हुए चूरू पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देश में लोकसभा चुनाव निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न करवाने को लेकर बीएसएफ जवान व पुलिस जवानों ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला।

## पूर्व विधायक महर्षि ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)।** चूरू लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी देवेंद्र झाझड़िया के पक्ष में रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने एक दर्जन से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करके ग्राम वासियों को अधिक से अधिक भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की और केंद्र में नरेंद्र मोदी की 10 साल की उपलब्धियों के बारे में गुणगान किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र नूवां, भावन्देसर, लूणासर, रतनादेसर, सिमसिया, धातरी, जोगलिया, जैतासर, जेगणिया बीदावतान, जेगणियां सूरजमाल सिंह, जेगणियां बीकान, दस्सुसर आदि क्षेत्रों का दौरा किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता भागीरथ सिंह राठौड़, पालिका अध्यक्ष शिव भगवान कम्मा भाजपा जिला प्रवक्ता गिरधारी सिंह राठौड़, जिला परिषद सदस्य संतोष, पुष्पलता मण्डार, सुशील इंदोरिया, सुगंधचंद मण्डार, पूर्व सरपंच लक्ष्मण सिंह सहित अनेक भाजपा नेता उनके साथ रहे।

## समय पर कचरा नही उठाने से नागरिक परेशान



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के वार्ड 47 में काफी समय से नगरपरिषद की ओर से कचरा नही उठाये जाने से लोगों का स्वांस लेना मुश्किल हो रहा है। वार्ड के लोगों ने बताया कि रेलवे स्टेशन से बीकानेर रोड़ व रामनगर जाने का प्रमुख मार्ग है। जहां नगरपरिषद की ओर से कचरा पात्र तो रख दिया। लेकिन महिनों तक कचरा नहीं उठाने के कारण पशु कचरे को सड़क पर फैला देते हैं। जिससे नालियां भी अवरुद्ध हो गयी है। इस गंदे कचरे से फैल रही बदबू के कारण आसपास के लोगों का सांस लेना मुश्किल हो रहा है। वहीं दिनभर यहां से निकलने वाले राहगीरों को मुह ढककर निकलना पड रहा है। वार्ड के सुनील मिश्रा, बालकृष्ण स्वामी, पवन स्वामी, विनय शर्मा, पं.राजेंद्र प्रसाद शर्मा, कृष्ण शर्मा, नानूराम चोटिया सहित मौहल्लै वासियों ने बताया कि उपरोक्त कचरे को उठाने के लिए बार-बार वार्ड पार्षद, सफाई निरीक्षक, जमादार व सभापति को कहा गया है, फिर भी सफाई नहीं होती है।

## व्यय पर्यवेक्षक अंसारी ने किया औचक निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** लोकसभा आम चुनाव के चूरू लोकसभा क्षेत्र के व्यय पर्यवेक्षक अख्तर हुसैन अंसारी आईआरएस ने सरदारशडहर क्षेत्र के उड़नदस्तो तथा स्थैतिक निगरानी दल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत समिति सभागार में अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए कि व्यय से संबंधित समस्त प्रकार की टीम्स सजग होकर कार्य करें और अनावश्यक किसी को परेशान नहीं करें। चुनाव से संबंधित राशि या वस्तुओं की ही जब्ती की जाए। बैठक में उपखंड अधिकारी मीनू वर्मा, पुलिस उप अधिक्षक अनिल कुमार माहेश्वरी, लेखा दल प्रभारी दयानंद, सह प्रभारी गजेंद्र सिंह भाटी, अभयशील सोनी, वीवीटी अशोक गौड, नायब तहसीलदार भानीपुरा अजय कुमार, एफएसटी व एसएसटी प्रभारी डॉ प्रभाकर दीक्षित, सहप्रभारी सूचना सहायक उमेश कुमार तिवारी, प्रवर्तन निरीक्षक पंकज शर्मा बैठक में उपस्थित रहे।

## माकपा कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित

जयपुर टाइम्स




**तारानगर(निसं.)।** कस्बे में स्थित किसान मजदूर भवन में माकपा तहसील सचिव रामस्वरूप सहारण की अध्यक्षता में रविवार को चूरू से आईएनडीआईए गठबंधन लोकसभा प्रत्याशी राहुल कस्वां के समर्थन में तारानगर के विधानसभा क्षेत्र के माकपा कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए भादरा के पूर्व विधायक कामरेड बलवान पूनियां ने कहा कि देश की मोदी सरकार ने किसान, मजदूर, विद्यार्थी व बेरोजगारों के साथ अन्याय किया है। आज देश से मोदी को हटाने का जिम्मा हम सब पर है। माकपा जिला सचिव कॉमरेड निर्मल कुमार ने कहा कि हम सबको अपनी पुरी ताकत के साथ संगठित होकर चूरू से लोकसभा प्रत्याशी राहुल कस्वां को जिताने का संकल्प लेकर बुथ स्तर पर कार्य करना है। वहीं सादुलपुर की पूर्व विधायक कमला कस्वां ने कहा कि आप सभी संगठीत होकर राहुल कस्वां के समर्थन में गांव गांव ढाणी ढाणी जाकर प्रचार करें। कामरेड उमराव सिंह, चिमनाराम पांडर, नितेश उपाध्याय, अशोक शर्मा, इन्द्राज सिंह, अजीत पूनियां, विकाश सोनी, काशीराम पूनियां, सुनिल पारीक, मुंशी खां तेली, सुमन प्रजापत, पूर्णाराम सरावग, इन्द्राजसिंह आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर श्रवण सहु, बाबुलाल छिंपा, सहदेव पांडिया, मालाराम गौड़, रामकरण भांभु, मनोहरलाल शर्मा, बिशनसिंह, राजेन्द्र खुड्डी, शिव बलौदा, अतुल वर्मा, नरेन्द्र ढाका, मुनेश पूनियां, विजय गोस्वामी, भालसिंह घोटड़, राकेश पूनियां, सुरेन्द्र राठौड़, विद्याधर सहारण, राजेश पारीक, मोतीलाल स्वामी, फिरोज खान सहित काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे। एडवोकेट मुकेश शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## लोकसभा चुनाव को लेकर विधायक शर्मा ने किया जन सम्पर्क

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** लोकसभा चुनाव को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के जनसंपर्क अभियान के दूसरे दिन विधायक पं.अनिल शर्मा ने एक दर्जन से अधिक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दौरा कर कांग्रेस प्रत्याशी राहुल कस्वां के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राहुल कस्वां हमेशा जनता के बीच रहकर जनता की आवाज उठाते और सभी का कार्य करते थे। उनका बेवजह टिकट काटकर जनता का अपमान किया गया है। यह अपमान जनता सहन नहीं करेगी। कांग्रेस ने उनको अब टिकट दिया है। हम सब एक होकर के राहुल कस्वां को वोट देकर के विजय बनाकर लोकसभा में तानाशाही सरकार को दिखाना है कि जनता राहुल कस्वां के साथ है। आपके साथ नहीं है। इस अवसर पर पूर्व सांसद रामसिंह कस्वां ने कहा कि राहुल ने एक ही बात कही थी कि मेरा कसूर क्या है मैं हमेशा सबका काम करता था। आवाज बुलंद करता था और जनता के हित में कार्य करता था। बेवजह एक आदमी के इशारे पर सबको पता है, हमारी टिकट काटी गई है। दूसरे दिन सवाई बडी, बंधनाऊ दिखणादा, भोजूसर, पातलीसर बडा, भादासर दिखणादा, बैजासर, राजासर बीकान, अडसीसर, घडसीसर, कंवलासर, कीकासर, सोनपालसर, रंगाईसर आदि गांवों के दौरे पर उनके साथ जिला अध्यक्ष इंद्राज खिचड़, पूर्व प्रधान रामकुमार मेघवाल, नंदलाल गुसाई, उपसभापति अब्दुल रशीद चायल, प्रतिपक्ष नेता राजेश पारीक, जिला प्रमुख प्रतिनिधि मोहनलाल आर्य, महावीर पूनियां, ओमप्रकाश मेघवाल, लियाकत खान, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष रामलाल जाखड़, प्रशांत चाहर, विष्णु गोड़, रोहिताश मीणा, मोतीलाल जाखड़ सहित सैंकड़ों ग्रामीण उनके साथ रहे।

## जाट समाज का होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

### जाट भवन के लिए भामाशाहों ने की पहल



जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** कस्बे के खाटू मोड़ स्थित श्री श्याम गेस्ट हाउस में रविवार को राजस्थान जाट फाउंडेशन के तत्वावधान में जाट समाज का होली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष हरिशंकर निठारवाल ने की। कार्यक्रम में जाट समाज से जुड़े विभिन्न सामाजिक मुद्दों को लेकर विचार विमर्श किया गया व सभी वक्ताओं ने समाज सुधार के लिए अपने सुझाव दिए। संगठन अध्यक्ष रक्षपाल सिंह धायल ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक गतिविधियों व आगामी आयोजनों को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। संगठन की ओर से आगामी जून माह में बड़ा प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित करने, समाज के भवन के लिए जमीन तलाशने, सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन करने, जरूरतमंद विद्यार्थियों की पढ़ाई में सहयोग करने, कैरियर मार्गदर्शन के लिए कार्यक्रम आयोजित करने सहित अनेक मुद्दों पर विचार विमर्श करके फैसले लिए गए। पालिका अध्यक्ष हरिशंकर निठारवाल ने कहा कि आज के समय में बच्चों में पारिवारिक संस्कारों की आवश्यकता है। हमें इस ओर ध्यान देना चाहिए जिससे कि आने वाली पीढ़ियों को सही दिशा मिल सके। पूर्व डिवाइसपी पेमाराम चौधरी ने सामाजिक एकता व भाईचारे को बढ़ावा देने, सतवीर समोता ने सक्षम परिवारों को सामूहिक विवाह सम्मेलन से जुड़कर शुरुआत करने, गिरधारी निठारवाल ने संगठन की ओर से जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह, जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई में सहयोग करने, जिला परिषद सदस्य प्रियंका बाजिया व उर्मिला धायल ने शादी विवाह, मायरे, ढसोटन आदि में होने वाले अनावश्यक खर्च को रोककर सामाजिक हित में पैसा खर्च करने, सामाजिक कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, गिरधारी लाल बलौदा ने मासिक बैठक का आयोजन करने, हरिप्रसाद बलौदा ने सामाजिक कार्यक्रमों में संगठन की भागीदारी बढ़ाने के सुझाव दिए। जाट समाज के भवन के लिए पालिका अध्यक्ष हरिशंकर निठारवाल ने पांच लाख रुपए, पूर्व डीवाईएसपी पेमाराम चौधरी ने ढाई लाख रुपए का आर्थिक सहयोग देने की घोषणा की। सभी लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। संगठन संयोजक डा. भंवर सिंह ताखर ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर मुकेश कुमार पावण्डा, पार्षद मोतीराम बावलियां, हरदयाल बलौदा, बीरबल निठारवाल, महावीर सिंह खर्रा, कमलेश लोछिब, गोपाल कुड़ी, एड. दीपक बाजिया, एड. कैलाश धायल, मोहनलाल धायल, सुधीर धायल, योगेंद्र भामू, रामलाल बिजारणियां, नारायण निठारवाल, गीगचंद मील, बृजमोहन, महेंद्र घोसल्या, रामेश्वर लाल, अभिनव चौधरी सरदार मान, राजेन्द्र लोरा, महेश धायल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## किसान, मजदूर, कर्मचारियों व आंगनबाड़ी महिलाओं का जन संवाद



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** कस्बें के विश्वकर्मा मंदिर में रविवार को किसान मजदूर, कर्मचारियों व आंगनबाड़ी महिलाओं से डॉ प्रमोद कुमार जाटव की अध्यक्षता में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल राजस्थान किसान मजदूर कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष किसान नेता आदुराम न्यौल, कर्मचारी नेता उदय सिंह राठौड़ व प्रभूदास स्वामी रहे। कर्मचारी महासंघ के प्रवक्ता मुन्नीलाल सुंडा ने बताया कि विशेष तौर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से जन संवाद किया गया है। कर्मचारी महासंघ के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी की सेवा व समस्याओं पर विस्तार से चर्चा कर उनके निराकरण की समुचित व्यवस्था करवाने पर चर्चा की। किसान नेता न्यौल ने संबोधित करते हुए कहा कि इस राज से किसान, मजदूर, कर्मचारी आदि परेशान है। सेवा समस्याओं का निराकरण समय पर नहीं हो रहा है। जिसका खामियाजा सरकार को लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा अधिकार हमेशा लड़कर हासिल किए जाते हैं। इस मौके पर पर शकुंतला खटावला, हरलाल सहारण, सविता धोलिया, ओमप्रकाश जांगिड़, दाताराम भाम्भू, जोखिराम कस्वां, सतपाल सिहाग सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

## गणगौर पर्व का आयोजन धूमधाम से जारी, आज घर-घर निकल जाएंगे गणगौर के बनोरे

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** प्रकृति आराधना और शक्ति की साधना के साथ होलिका दहन के दूसरे दिन 25 मार्च को शुरू हुए गणगौर पूजन के साथ ही गाए जाने वाले गीतों से सरदारशहर की सुबह सुरमई हो रही है। सुबह की बेला में गणगौर पूजन के लिए पीहर आई हुई नवविवाहिताएं गणगौर के गीतों से धोरों की धरती को रिझा रही है। सुबह-सुबह घरों में जब गणगौर पूजन का यह गीत "गौर ए गणगौर माता खोल ऐ किंवाड़ी" गूंजता है तो यहां की सुबह चहक उठती है। पंछियों की चहचहाट और कन्याओं के कंठो से गूंजते गीतों से धोरो की धरती झूम रही है। बसंती मौसम में पेड़ पौधों से फूटती नव कुंपाले और मिंझर की सुगंध से महक रही धरती चहक रही है। होली पर धुलंडी शुरू हुए 18 दिन के गणगौर पूजन के प्रथम चरण में गौर ईशर के प्रतिकारात्मक पिंड जो होलिका की राख से बने हुए हैं, उनकी पूजा की जा रही है। समूह में कन्या गणगौर का पूजन करते हुए लोक संस्कृति से रचे बसे गीत गा रही है और गणगौर का ध्यान कर अमर सुहाग भाग की कामना कर रही है। वार्ड 14 स्थित भंवरलाल सोनी की नवविवाहिता पुत्री जया सोनी अपनी विवाह के बाद पहली बार अपने पीहर में अपनी सहेलियों के साथ गणगौर पूजन कर रही है। इस दौरान एकता सोनी, जया सोनी, निकिता सोनी, निकिता स्वामी, शालू, मोनिका, ममता, सिया बिदावत, कविता वर्मा, भारती सोनी, ममता स्वामी, भूमि सोनी, रौनक सोनी, शिवानी शर्मा, पूर्वी शर्मा, तनु, निशा, दिव्या आदि गणगौर की पूजा कर रही है। इस दौरान रविवार सुबह गणगौर पूजा करती हुई नवविवाहिता जया सोनी ने बताया कि मेरी हाल ही में शादी हुई है और मैं अपनी सहेलियों के साथ अपने पीहर में गणगौर पूजन कर रही हूं। हम सुबह जल्दी उठते हैं ओर दुब लेकर आते हैं और होलिका दहन की मिट्टी से बने हुए पिंड की पूजा कर रहे हैं। शीतला अष्टमी के बाद में गणगौर माता के बनोरे निकाले जाएंगे। गणगौर पर्व के दूसरे चरण में सोमवार से सुबह और शाम दोनों समय गणगौर माता की पूजा की जाएगी। जिस तरह शादी में रस्मे होती है उसी तरह गणगौर पर्व पर भी हल्दी मेहंदी आदि की रस्में निभाएंगे। जया सोनी ने बताया कि मैं मेरे पति के लंबी उम्र के लिए गणगौर माता का पूजन कर रही हूं। इस अवसर पर गणगौर पूजन करने वाली एकता सोनी ने बताया कि हर बार से बढ़कर इस बार उत्साह के साथ गणगौर पर्व मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोमवार से घर घर जाकर गणगौर माता के बनोरे भी निकलेंगे और विधि विधान से 18 दिन तक पूजा की जाएगी। 11 अप्रैल को गणगौर माता का विसर्जन किया जाएगा। बता दे कि 18 दिन तक चलने वाले गणगौर महोत्सव खास तौर पर कन्याओं, नव विवाहिताओं और महिलाओं के लिए उत्साह भरा होता है। शिव पार्वती के रूप में गणगौर और ईशर की पूजा की जाती है। सोमवार से 10 अप्रैल तक घर-घर गणगौर के बनोरे निकाले जाएंगे और रात्रि के समय में नवविवाहिताएं अपनी सहेलियों के साथ डीजे की धुन पर खूब नाचती हुई नजर आएगी। 11 अप्रैल को गणगौर का मेला भरेगा। इस दौरान जोहड़ या कुएं में गणगौर विसर्जन किया जाएगा और 11 अप्रैल को गणगौर महोत्सव समापन हो जाएगा।



# भ्रष्टाचारी जेल में बैठे, जमानत भी नहीं मिल रही: मोदी

## वाजिद चीता व गोपाल बाहेती की पुनः कांग्रेस में वापसी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति की अनुशंषा पर रविवार को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वार रूम, अस्पताल रोड़, जयपुर पर विधानसभा चुनाव-2023 में अजमेर जिले के मसूदा विधानसभा क्षेत्र में निर्दलीय प्रत्याशी रहे वाजिद खान चीता तथा पुष्कर विधानसभा क्षेत्र में निर्दलीय चुनाव लड़े पूर्व विधायक गोपाल बाहेती की पार्टी हित में पुनः सदस्यता बहाल करने की प्रार्थना को स्वीकार करते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता बहाल करते हुए कांग्रेस का दुपट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री डॉ. रघु शर्मा, आरटीडीसी के पूर्व चेयरमेन धर्मेन्द्र सिंह राठौड़ तथा अजमेर लोकसभा प्रत्याशी रामचन्द्र भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने आशा व्यक्त की है कि कांग्रेस पार्टी में पुनः शामिल होकर उक्त नेता पार्टी की मजबूती के लिए अजमेर लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करवाने में सहयोग प्रदान करेंगे।

## एसएसटी टीम की कार्यवाही, 5 कार्टन अवैध बीयर जब्त





जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** लोकसभा आम चुनाव के दौरान राजगढ़ एसडीएम सुशील कुमार सैनी ने एसएसटी टीम के माध्यम से कार्यवाही करते हुए शनिवार को राजगढ़ के मांगला तिराहे के पास पिकअप में 5 कार्टन अवैध बीयर जब्त की। एसडीएम सुशील कुमार सैनी ने बताया कि 5 कार्टन में करीब 39 लीटर बीयर जब्त की गई है, जिसकी एमआरपी के अनुसार करीब 9 हजार रुपए कीमत है। उन्होंने बताया कि शराब व पिकअप को थाने में जब्त करवाया गया है। कार्यवाही के दौरान एसएसटी प्रभारी जयसिंह, कांस्टेबल मनोज सहित अन्य उपस्थित रहे।

## चुनाव से पहले बढ़ी वैभव गहलोत की मुश्किलें



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निसं.)।** लोकसभा चुनावों की तारीख नजदीक आने के साथ पार्टियों के प्रत्याशी अपने-अपने चुनाव प्रचार में लगे हैं। इसी दौरान कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है। जालोर कांग्रेस के दो बड़े नेता पीसीसी सदस्य सोमाभाई सरगरा व प्रवासी फ्रेंड्स फाउंडेशन के अध्यक्ष व जिला महामंत्री श्रवण सिंह राठौड़ ने कांग्रेस छोड़ कर शनिवार को जोधपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, कैबिनेट मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग की मौजूदगी में बीजेपी जॉइन कर ली। जालोर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को मैदान में उतारा हैं। भाजपा ने सिरोही निवासी लुंबाराम चौधरी को मैदान में उतारा है। लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे वैभव गहलोत को टिकट मिलने के बाद से कांग्रेस में बाहरी प्रत्याशी का विरोध देखने को मिल रहा है। प्रवासी फ्रेंड्स फाउंडेशन के अध्यक्ष व जिला महामंत्री भीनमाल के दासपा निवासी श्रवणसिंह राठौड़ और पीसीसी सदस्य सोमाभाई सरगरा ने कांग्रेस को छोड कर शनिवार को जोधपुर में भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र सिंह शेखावत के नामांकन सभा के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, कैबिनेट मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग की मौजूदगी में बीजेपी जॉइन की। इससे पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल व उनके बेटे जयपुर स्थित भाजपा कार्यालय में जाकर भाजपा में शामिल हुए थे। जालोर कांग्रेस के उप जिलाध्यक्ष लालसिंह धानपुर ने भी बाहरी प्रत्याशी का विरोध करते हुएं कांग्रेस को छोड़कर बसपा में शामिल हुए हैं। अब वह बसपा से लोकसभा प्रत्याशी बनकर चुनाव मैदान में है।

### ऐसी ताकतों के सामने मोदी कभी झुकेगा नहीं

जयपुर टाइम्स



**लखनऊ(एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जीत की हैट्रिक लगाने के लिए रविवार को उत्तर प्रदेश के क्रांतिधरा मेरठ से चुनावी शंखनाद किया। रैली में पहुंचे लोगों को पीएम मोदी ने सबसे पहले अभिवादन किया और रैली में आने के लिए धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत माता की जय के साथ अपना संबोधन शुरू किया। वहीं, पीएम मोदी के मंच पर पहुंचते ही लोगों ने भारत माया की जय और मोदी और योगी के जमकर नारे लगाए। इस दौरान जयकारों और मोदी-योगी के नारों से पूरा मैदान गूंज उठा। मंच से बोलते हुए पीएम मोदी ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यों की कीमत देश को आज तक चुकानी पड़ रही है। जब हमारे छोटे भाई चौधरी जयंत संसद में चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न की मांग करने के लिए बोलने लगे तो उन्हें रोकने का प्रयास किया। उनका अपमान किया गया। ऐसे लोगों को उनके क्षेत्र के घर-घर में जाकर माफी मांगनी चाहिए। चौधरी चरण सिंह ने किसानों के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि मैं भ्रष्टाचार पर कार्रवाई कर रहा हूं तो कुछ लोग अपना आपा खो बैठे हैं। मेरे प्यारे देशवासियों मैं कहता हूं कि मोदी की गारंटी रहती है। मोदी का मंत्र है, भ्रष्टाचार हटाओ! वह कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ! उन्होंने कहा कि यह चुनाव दो खेमों की लड़ाई है। एक खेमा एनडीए का भ्रष्टाचार हटाने के लिए मैदान में है। दूसरा वह एक है जो भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए मैदान में है। पीएम मोदी ने कहा कि इन भ्रष्टाचारियों ने जिसका धन लूटा है, उनका धन मैं लौटा रहा हूं। इन लोगों ने मिलकर एक इंडी गठबंधन बना लिया है। इनको लगता है कि मोदी इससे डर जाएगा लेकिन, मेरे लिए मेरा भारत मेरा परिवार है। मैं अपने देश को भ्रष्टाचार से बचने के लिए जो कदम उठाए जा रहे हैं। उनके खिलाफ एक बहुत बड़ी लड़ाई लड़ूंगा, इसलिए बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी आज सलाखों के पीछे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि बड़े-बड़े सत्ताधारियों को जमानत तक नहीं मिल रही है। इसलिए कई बड़े-बड़े भ्रष्टाचारियों को कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं और इसलिए पूरे देश में अपने टीवी पर देखा होगा कि कहीं बिस्तर के नीचे से नोटों के ढेर निकल रहे हैं तो कहीं दीवारों से नोटों के ढेर निकल रहे हैं। अभी तो मैंने देखा कि वाशिंग मशीन में नोटों के ढेर निकले थे। यह मोदी की गारंटी है कि तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने पर काम कर रहा है। साथियों नमो ड्रोन दीदी योजना भी गांव में बहनों का भाग्य बदलने जा रही है। इसमें महिला स्वयं सहायता समूह को आधुनिक ड्रोन दिए जा रहे हैं। यह ड्रोन हमारी खेती का भविष्य बदलने वाले हैं। खेती का काम आसान करने वाले हैं। जब गांव की बेटियां ड्रोन पायलट बनेगी तो उनका गौरव भी बढ़ेगा और उनकी कमाई भी बढ़ेगी। किसानी भी सरल हो जाएगी। लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को आरक्षण भी पहले संभव लगता था लेकिन नारी शक्ति अभिनंदन अधिनियम संभव लगता है। चार करोड़ गरीबों को पक्के घर बना कर दिए यह हमारी सरकार है, जो 11 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाकर महिलाओं की गरिमा की रक्षा की है। यह हमारी सरकार है जिसने ढाई करोड़ से ज्यादा घरों में बिजली कनेक्शन देकर उनके जीवन से अंधेरा दूर किया है। ढाई करोड़ बहनों बीते 10 वर्ष देश में माता-बहनों और बेटियों के लिए सुविधा सुरक्षा और सम्मान कर रहे हैं। आने वाले पांच वर्ष नारी शक्ति की समृद्धि के होने वाले हैं देश में करोड़ों बहन और बेटियों को पहली बार उद्यमी बनाया है पुलिस हो या फिर अर्धसैनिक बल हो इसमें आज बेटियों की संख्या 2 गुना से अधिक हो चुकी है मुद्रा योजना ने करोड़ों बहनों को पहली बार अपना बिजनेस शुरू करने का संबल दिया है। पिछले 10 वर्षों में 10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं। हमारे सेवा के जवानों ने यह आशा छोड़ दी थी यह भी असंभव लगता था लेकिन हमने न सिर्फ वन रैंक वन पेंशन लागू किया हमने उनके हक एक लाख करोड रुपए से ज्यादा दिया तीन तलाक का कानून भी लोगों को असंभव सा लगता था अब न सिर्फ यह कानून बन चुका है बल्कि यह हजारों मुस्लिम बहनों की जिंदगी बचा रहा है। लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को आरक्षण भी पहले संभव लगता था लेकिन नारी शक्ति अभिनंदन अधिनियम संभव लगता है। जम्मू कश्मीर में धारा 370 कभी हटेगा यह भी असंभव लगता था लेकिन आर्टिकल 370 भी जाता है और जम्मू कश्मीर का तेज विकास भी हो रहा है इसीलिए आज लोग बीजेपी के 370 सीटों का आशीर्वाद भी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कभी अयोध्या में राम मंदिर बनेगा ये लोगों को मुश्किल लगता था। लेकिन राम मंदिर बना और इस बार अवध में राम लला ने भी खूब होली खेली। साथियों आर्टिकल 370 भी हटा है और जम्मू कश्मीर का विकास भी हो रहा है। ये मोदी गरीबी से टक्कर लेकर यहां पहुंचा है इसलिए हर गरीब का दुख, हर गरीब की तकलीफ मोदी भली भांति समझता है। इसीलिए हमने गरीब की चिंता दूर करने के लिए योजनाएं बनाई। गरीब को इलाज की चिंता ने हो इसलिए पांच लाख वाली आयुष्मान योजना बनाई। मुफ्त राशन दे रही है। जिसको किसी ने नहीं बूझा उसका सम्मान हमने लौटाया है। पीएम मोदी ने कहा कि साथियों मैं लाल किले से कहा था यही समय है सही समय है भारत का समय आ गया है भारत चल पड़ा है आज भारत में तेजी से आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर बन रहा है आज भारत इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण पर अभूतपूर्व निवेश कर रहा है आज हर सेक्टर में नौजवानों के लिए अनगिनत नए अवसर बन रहे हैं आज देश की नारी शक्ति नए संकल्पों के साथ आगे आ रही है आज भारत की साख दुनिया भर में भारत की साख नई ऊंचाई पर है। पीएम मोदी ने मंच से चौधरी चरणसिंह को याद कर भाषण की शुरुआत की। कहा कि मेरठ से मेरा खास रिश्ता है। पिछली बार भी औघड़नाथ की इसी धरती से रैली का आगाज करने का सौभाग्य मिला। कहा कि जब भारत दुनिया में नंबर तीन पर पहुंचेगा तो देश में गरीबी तो दूर होगी ही। साथ साथ एक सामर्थ्यवान, एक सशक्त देश बनेगा। इस दौरान उन्होंने जनता से नारे भी लगवाए। उन्होंने कहा कि आज भारत इंस्फ्रास्ट्रक्चर पर अभूतपूर्व कार्य कर रहा है। आज नए अवसर देश में बन रहे हैं। आज देश की नारी शक्ति नए आयाम रच रही है।

## स्लीपर बस से 1 किलो 300 ग्राम अवैध अफीम जब्त, तस्कर गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** उपखंड के भानीपुरा पुलिस ने डीएसपी अनिल कुमार माहेश्वरी के नेतृत्व में मार्च महीने में पांचवी बड़ी कार्यवाही करते हुए रविवार को बुकनसर फांटा के पास नाकाबंदी के दौरान कार्रवाई करते हुए एक स्लीपर बस से 1 किलो 300 ग्राम अवैध अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। डीएसपी अनिल कुमार माहेश्वरी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को बुकनसर फांटा के पास नाकाबंदी के दौरान स्लीपर बसों की चेकिंग की गई। इस दौरान सरदारशहर की ओर से गंगानगर जाने वाली एक स्लीपर बस को चेक किया गया तो स्लीपर बस में सवार एक संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की गई तो उसके पास 1 किलो 300 ग्राम अवैध अफीम मिली। जिस पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए चित्तौड़गढ़ के चंदेरिया निवासी चेतन लुहार पुत्र गोपालराम लुहार को गिरफ्तार किया गया है। जो अपने गांव चंदेरिया से स्लीपर बस में सवार होकर गंगानगर जा रहा था। डीएसपी ने बताया कि मार्च महीने में भानीपुरा पुलिस की मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार यह पांचवीं बड़ी कार्रवाई है। डीएसपी अनिल कुमार माहेश्वरी ने बताया कि जप्त की गई अवैध अफीम की बाजार कीमत करीब साढ़े 6 लाख रुपए है। डीएसपी ने बताया कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण तस्कर स्लीपर बसों में सवार होकर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं, ताकि पुलिस और आमजन को किसी भी प्रकार का कोई शक ना हो। डीएसपी ने बताया कि भानीपुरा पुलिस लगातार अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों, शराब तस्करों और जुआरियो के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रही है और लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के मध्य नजर भानीपुरा पुलिस की यह 11वीं कार्यवाही है। जिनमें तीन कार्यवाही अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ की गई है।

## डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा के चुनाव कार्यालय का किया उदघाटन



जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने रविवार को विद्याधर नगर में संसदीय क्षेत्र जयपुर शहर से भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा के 'लोकसभा चुनाव कार्यालय' का उद्घाटन किया। उद्घाटन में विधानसभा संयोजक राजेंद्र करोड़िया, जिलाध्यक्ष राघव शर्मा, पूर्व विधायक बीरु सिंह राठौड़, पूर्व उप महापौर पवन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश, जिला मंत्री सुनीता, जिला मंत्री केदार, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, पार्षद, बूथ अध्यक्ष व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि पूरे प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बेहतर सामजंस्य से कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश दुनिया में मजबूत हुआ है इसलिए इस बार भी पूर्ण बहुमत से केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी और नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

## चुनाव कर्तव्यों में लापरवाही नहीं बर्दाश्त नहीं: सत्यानी

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोडल प्रकोष्ठ प्रभारियों को दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** जिला निर्वाचन अधिकारी व कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने अधिकारियों से कहा है कि चुनाव कर्तव्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी नोडल व प्रकोष्ठ प्रभारी अपने प्रकोष्ठ की गतिविधियों का जिम्मेदारी से निर्वहन करें। जिला निर्वाचन अधिकारी सत्यानी ने रविवार को कलक्ट्रेट सभागार में लोकसभा आम चुनाव- 2024 के मध्येनजर प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारियों की बैठक में चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी सौंपे गए दायित्वों में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरतें। चुनाव सर्वोच्च प्राथमिकता है। निर्वाचन दायित्वों में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लोकसभा चुनाव से जुड़ी समस्त गतिविधियां समयबद्ध ढंग से एवं पूर्ण सतर्कता के साथ संपादित की जाएं। किसी प्रकार की अशुद्धि न रहे। नियमित भेजी जाने वाली रिपोर्ट आदि कार्यों को सही व समयबद्ध ढंग से भिजवाएं। अपने कार्य के प्रति जिम्मेदारी रखें और सौंपे गए दायित्व का पूर्ण निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कोई अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ें। इसी के साथ एडीएम शेखावत ने कहा कि निर्वाचन से जुड़े अधिकारी किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें और प्रोएक्टिव होकर सभी गतिविधियां सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अपने-अपने प्रकोष्ठों से जुड़े दायित्वों एवं गतिविधियों की समुचित तैयारी कर लें और निर्वाचन आयोग के अद्यतन निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर लें ताकि बाद में किसी प्रकार का असमंजस नहीं रहे। उन्होंने सभी प्रकोष्ठ प्रभारियों से गतिविधियों की जानकारी लेते हुए समीक्षा की। इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस सक्षम गोयल, डीओआईटी संयुक्त निदेशक मनोज गरवा, एडीपीआर कुमार अजय, डीओआईटी एसीपी नरेश टुहानिया, डीईओ प्रारंभिक संतोष महर्षि, डॉ रविन्द्र बुडानिया, डॉ प्रशान्त शर्मा, भू-अभिलेख निरीक्षक शिवकुमार शर्मा, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी नरेन्द्र सिंह राठौड़, परिवीक्षा एवं कारागृह कल्याण अधिकारी नगेन्द्र सिंह राठौड़, सानिवि एक्सईएन बीएल सोनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## वीरेंद्र बेनीवाल फिर कांग्रेस में शामिल, लूणकरनसर में कांग्रेस के बागी बनकर लड़ा था चुनाव, लोकसभा चुनाव में देंगे गोविन्दराम का साथ

जयपुर टाइम्स



**बीकानेर(निसं.)।** बीकानेर लोकसभा चुनाव में पार्टी को मजबूत करने के लिए कांग्रेस ने अपने पूर्व मंत्री वीरेंद्र बेनीवाल की घर वापसी करवा ली है। बेनीवाल ने शनिवार शाम को जयपुर में फिर से कांग्रेस ज्वाइन कर ली। इस दौरान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द डोटासरा और राज्य प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा भी उपस्थित रहे। इस मौके पर बेनीवाल ने कहा कि उनको किसी से कोई शिकायत नहीं है। डोटासरा और रंधावा शनिवार को कोटा में प्रहलाद गुंजल के नामांकन में व्यस्त रहे। उनके जयपुर लौटने के साथ ही एक छोटा कार्यक्रम रखा गया। जिसमें वीरेंद्र बेनीवाल को फिर से कांग्रेस ज्वाइन करवाई गई। इस दौरान ये भी घोषणा की गई कि बेनीवाल पहले की तरह एक बार फिर प्रदेश उपाध्यक्ष का पद संभालेंगे। हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में लूणकरनसर से कांग्रेस ने डॉ. राजेंद्र भादू को टिकट दिया था। इससे नाराज होकर बेनीवाल ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पर्चा दाखिल कर दिया। तब भी उन्हें मनाने का प्रयास हुआ था लेकिन वो नहीं माने। तब अधिकारिक तौर पर देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग भी लूणकरनसर गए और बेनीवाल से वार्ता की। इसके बाद भी सहमति नहीं बनी। बताया जा रहा है कि बेनीवाल को वापस कांग्रेस में लाने के लिए गहलोत ने हस्तक्षेप किया। गहलोत ने बीकानेर में गोविन्दराम की नामांकन सभा के दौरान भी बेनीवाल से वार्ता की थी। तब आपसी सहमति बन गई लेकिन पार्टी में वापसी के लिए कार्यक्रम नहीं हुआ। शनिवार को भी बेनीवाल और गहलोत के बीच लंबी मंत्रणा हुई। इसके बाद बेनीवाल कांग्रेस कार्यालय पहुंचे और पार्टी के सदस्य बने।

## घर जाकर राष्ट्रपति ने दिया सम्मान, पीएम मोदी भी रहे मौजूद

### लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न पुरस्कार

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत र%' से नवाजा गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली में आडवाणी के आवास पर उन्हें भारत र% से सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू भी मौजूद रहे। इससे पहले राष्ट्रपति मुर्मू ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पूर्व प्रधानमंत्रियों पीवी नरसिम्हा राव व चौधरी चरण सिंह, कृषि वैज्ञानिक एमएस





स्वामीनाथन और दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत र%' मरणोपरांत प्रदान किया। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के लिए सम्मान उनके बेटे पीवी प्रभाकर राव ने स्वीकार किया। चौधरी चरण सिंह के लिए उनके पोते और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने राष्ट्रपति से यह सम्मान स्वीकार किया। वहीं, स्वामीनाथन की ओर से उनकी बेटी नित्या राव और कर्पूरी ठाकुर की ओर से उनके बेटे रामनाथ ठाकुर ने राष्ट्रपति मुर्मू से यह पुरस्कार प्राप्त किया। लालकृष्ण आडवाणी का जन्म पाकिस्तान के कराची में 8 नवंबर, 1927 को एक हिंदू सिंधी परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम किशनचंद आडवाणी और मां का नाम ज्ञानी देवी है। उनके पिता पेशे से एक उद्यमी थे। शुरुआती शिक्षा उन्होंने कराची के सेंट पैट्रिक हाई स्कूल से ग्रहण की थी। इसके बाद वह हैदराबाद, सिंध के डीजी नेशनल स्कूल में दाखिला लिया। 1947 में आडवाणी देश के आजाद होने का जश्न भी नहीं मना सके क्योंकि आजादी के महज कुछ घंटों में ही उन्हें अपने घर को छोड़कर भारत रवाना होना पड़ा।




स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।